बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 157 | शनिवार 28 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

『सुविचार』

जिनकी कामयाबी नहीं रोकी जा सकती, उनकी बदनामी शुरू की जाती है।

संक्षिप्त समाचार

बहराइच है या जंगल, जहां दूध पिला रही मां से बच्चे को छीनता नजर आया भेड़िया

बहराइच। ये वो जिला है जहां भेड़िया, सियार, तेंदुआ, बाघ, लकड़बग्गा और न जाने कितने जानवर आए दिन देखे जा रहे हैं। इन जंगली जानवरों को देखकर कई बार लोग मजाक में कहते हैं कि ये बहराइच है जंगल। हद उस वक्त हो गई जब एक मां अपने बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच भेड़िया आया और मां से उसका बच्चा छीनने लगा। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। बहराइच महसी इलाके में दो मासूम बच्चों पर भेड़िए ने हमला कर दिया। दोनों के गले पर भेड़िये ने रात को हमला कर दिया। भेडिये ने जिस एक बच्चे पर हमला किया, वो अपनी नानी के घर आया हुआ था। बच्चे का नाम आरुष है, जो कि महज 6 महीने का है। वहीं दूसरी बच्ची का नाम ममता है। ममता पर भेड़िये ने उस वक्त हमला किया, जब उसकी मां उसे दूध पिला रही थी। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। इसके बाद आनन-फानन में दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। अब दोनों बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है। बता दें कि भेड़ियों के हमले में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। करीब एक महीने से वन विभाग की टीम बहराइच में डेरा डाले हुए है इसके अलावा बहराइच में ही 13 साल की बच्ची के गले पर तेंदुएं ने हमला कर दिया। उसकी हालत नाजुक है। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं एक शख्स पर खेत में काम करने के दौरान तेंदुए के हमले में उसके दोनो हाथ जख्मी हो गए हैं। उसका भी उपाय मेडिकल कालेज में चल रहा है।उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़िये का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच तेंदुए और बाघ के भी हमले की खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि बहराइच में मानो जंगलराज हो। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के करीब 80 गांवों में ये भेड़िया आतंक का पर्याय बन चुका है और इस कदर आदमखोर हो गया है कि वन विभाग की पहरेदारी और गांव के लोगों की चौकीदारी के बीच घरों में घुसकर बच्चों पर हमला कर रहा है। वन विभाग ने भले ही पांच भेड़ियों को पकड़ लिया हो। लेकिन बचे हुए एक भेड़िये ने नाक में दम कर रखा है। गुरुवार की रात को भेड़िये ने एक बार फिर दो बच्चों पर हमला कर दिया।

गोवा में सस्ती और कर्नाटक में सबसे महंगी बिक रही शराब

नई दिल्ली । भारत में राज्यों में शराब के दाम अलग-अलग हैं। जिनमें काफी अंतर है। उदाहरण की बात करें तो गोवा में शराब सबसे सस्ती है क्योंकि यहां पर टैक्स काफी कम है। वहीं कर्नाटक और महाराष्ट्र में शराब की कीमतें इससे कहीं ज्यादा हैं। भारत में शराब पर वन नेशन वन टैक्स की नीति लागू नहीं है। यानी कि हर राज्य अपनी आवश्यकताओं और नीतियों के अनुसार शराब पर अलग-अलग टैक्स लगाता है। इस कारण, एक ही ब्रांड की शराब एक राज्य में सस्ती हो सकती है, जबकि दूसरे राज्य में वह महंगी बिक सकती है। कर्नाटक देश के सबसे महंगे राज्यों में से एक है। यहां एक शराब की बोतल की औसत कीमत 513 रुपए है, जिसमें 83 का टैक्स शामिल है। कर्नाटक सरकार ने शराब पर भारी टैक्स लगाया है, जिससे आम लोगों के लिए शराब खरीदना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि राज्य में पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। वहीं तेलंगाना में शराब की औसत कीमत 246 रुपए है और इस पर 68 का टैक्स लगता है। महाराष्ट्र भी शराब की महंगी कीमतों के लिए जाना जाता है, जिससे यहां शराब पीना महंगा हो जाता है। वहीं गोवा जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, में शराब की कीमतें सबसे सस्ती हैं। वहां शराब की बोतल की औसत कीमत केवल 100 है। गोवा की राज्य सरकार ने शराब पर टैक्स कम रखा है ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक आसानी से शराब खरीद सकें। यह कदम गोवा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, शराब की कीमतें विभिन्न राज्यों में उनकी टैक्स नीतियों, आर्थिक स्थिति और स्थानीय मांग पर निर्भर करती हैं।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव.... एसी बोगी का पूरा शीशा टूट

पटना। बिहार के समस्तीपुर में जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) पर एक शख्स के द्वारा पथराव करने का मामला आया है। इस दौरान एक एसी बोगी का पूरा शीशा टूट गया। वहीं, पैंट्री कार का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आरपीएफ की टीम जांच में जुट गई है। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 08:55 में समस्तीपुर से जैसे खुली, प्लेटफार्म पर मौजूद एक शख्स ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इसके बाद ट्रेन रुक गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ की टीम ट्रेन में जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ट्रेन में हुए क्षतिग्रस्त शीशे को मुजफ्फरपुर में ठीक किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, जांच में ये बात सामने आई हैं कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक पागल शख्स ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया था, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पागल को स्टेशन से भगा दिया गया है। वैसे रेलवे एक-एक बिंदु पर जांच में जुटी है।

272 करोड़ के प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने किया विरोध, गडकरी ने किया था शिलान्यास

-नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद जताई नाराजगी

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत अब केंद्र सरकार के एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आई हैं। 6 महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव रोपवे का ऐलान किया था। 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया गया था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने विरोध शुरू कर दिया है।

दरअसल, बिजली महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित इस रोपवे का विरोध खराहल और कशावरी घाटी के लोग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनके रोजगार प्रभावित होंगे और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि रोपवे के निर्माण के लिए कई पेड़ों को काटा जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि देवता इस प्रोजेक्ट से खुश नहीं हैं।

कंगना रनौत ने कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी से मुलाकात की थी और उन्हें इस मामले की जानकारी दी है। अगर हमारे देवता नहीं चाहते हैं तो यह प्रोजेक्ट बंद होना चाहिए। हमारे लिए हमारे देवता का आदेश आधुनिकीकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं फिर से नितिन गडकरी से मिलूंगी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू के मोहल नेचर पार्क में इस रोपवे का वर्चुअली शिलान्यास किया था। डेढ़ साल में तैयार होने वाले इस रोपवे के जरिए 36,000 सैलानी रोजाना बिजली महादेव मंदिर पहुंच सकेंगे, जिससे यहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, जबकि रोपवे से केवल सात मिनट में मंदिर तक पहुंचा जा सकेगा।

घंटेभर में 1200 लोग पहुंचेंगे

रोपवे के निर्माण कार्य का जिम्मा नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है। कंपनी के मैनेजर अनिल सेन के अनुसार, यह मोनो केबल रोपवे होगा जिसमें 55 बॉक्स लगाए जाएंगे। एक घंटे में इसकी क्षमता 1200 लोगों को ले जाने की होगी, जिसे बाद में 1800 तक बढ़ाया जाएगा।

बिजली महादेव की कहानी

कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशावरी में स्थित बिजली महादेव मंदिर 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है और शिवलिंग के टुकड़े हो जाते हैं। पुजारी इन टुकड़ों को मक्खन और आटे के पेस्ट से जोड़ते हैं। मंदिर की महिमा के कारण देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

कुंज शर्मा को जन्मदिवस की संस्कार उजाला समाचार पत्र परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

लादेन का महिमामंडन कर बुरी फंसी जितेंद्र आव्हाड की पत्नी

-भाजपा का आरोप इंडी आंतकियों के साथ

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ऋता आव्हाड ने कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम के दौरान ऋता ने बच्चों से आंतकी ओसामा बिन लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया और अल-कायदा संस्थापक की तुलना पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से की। ऋता ने कहा कि लादेन मां के पेट से आतंकी पैदा नहीं हुआ था बल्कि समाज ने लादेन को आतंकी बनाया।

ठाणे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऋता आव्हाड ने कहा, आपको लादेन की जीवनी पढ़नी चाहिए। कलाम जिस तरह राष्ट्रपति बने, उस तरह ओसामा बिन लादेन आतंकवादी बना था। लेकिन वह आतंकवादी क्यों बना? यह समाज ही था जिसने लादेन को ऐसा बनने के लिए मजबूर किया। वह पैदाइशी आतंकी नहीं था।

ऋता के बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा ने राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में लिखा, जितेंद्र अव्हाड की पत्नी ने खुले मंच से बच्चों से लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया, जैसे उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में पढ़ा, ताकि वे समझ सकें कि वह आतंकवादी कैसा बना। आतंकवादियों का बचाव करना इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों के नेताओं की आदत बन गई है।

पूनावाला ने कहा, आव्हाड ने इशरत जहां (एलईटी आतंकवादी) का बचाव किया था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और सपा के नेताओं ने नियमित रूप से याकूब, अफजल, सिमी, कसाब और अन्य आतंकियों का भी बचाव किया है। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पूछा कि क्या शरद पवार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऋता की इन टिप्पणियों का समर्थन करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए अब इंडी गठबंधन और एमवीए ने एक नई रणनीति शुरू की है। नेताओं की पत्नियों को इसतरह के बयान देने के लिए प्रोत्साहित करना जो टेरर को सॉफ्ट सपोर्ट का संकेत देते हैं!

भाजपा जम्मू में आतंकवाद के फिर उभार के लिए जनता से माफी मांगे : उमर अब्दुल्ला

उधमपुर/जम्मू (एजेंसी)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अपेक्षाकृत शांत रहने वाले जम्मू संभाग में हाल में हुए आतंकवादी हमले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित नाकामी दिखाते हैं और पार्टी को जम्मू-कश्मीर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के लिए नेकां, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को जिम्मेदार ठहराकर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद की क्या स्थिति है जहां हमारे बहादुर बल के जवानों को अक्सर निशाना बनाया जाता है? भाजपा को पहले जवाब देना चाहिए कि 2014 के बाद जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद क्यों फैला, खासकर पिछले तीन वर्षों में जब हमले बढ़े हैं।''

उन्होंने कहा, ''जम्मू का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर आतंकवादी हमले नहीं हुए हों, फिर चाहे चिनाब घाटी हो, पीर पंजाल क्षेत्र हो यारियासी, कठुआ,उधमपुर, जम्मू और सांबा हो... यह उनकी (भाजपा सरकार की) नाकामी को प्रतिबिंबित करता है और पार्टी को इसे स्वीकार कर जनता से माफी मांगनी चाहिए।'' उमर ने उधमपुर पूर्व विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनील वर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा के इतर उमर ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का संदर्भ दिया जिन्होंने नेकां, कांग्रेस और पीडीपी को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, '' जब भाजपा नेता जम्मू-कश्मीर में बोलते हैं तो हमें जिम्मेदार ठहराते हैं, लेकिन जब वे केंद्र शासित प्रदेश से बाहर बोलते हैं तो पाकिस्तान को जिम्मेदार करार देते हैं।''

नेकां उपाध्यक्ष ने कहा, ''वे (भाजपा नेतृत्व) एक बात नहीं करते। अगर हम जिम्मेदार हैं तो फिर वे पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते? आप जम्मू-कश्मीर की धरती से(आतंकवाद के लिए) हमें जिम्मेदार ठहरा रहे हो, इस प्रकार पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहे हो। वे विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और जनता को भ्रमित करने के लिए अलग-अलग रुख अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा लेकिन नेशनल कांफ्रेंस एक आवाज में बात करती है चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो या कहीं और। भाजपा ने नेकां के घोषणा पत्र की आलोचना की है। इस बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, '' उनसे आप क्या उम्मीद कर सकते हैं कि वे हमारे घोषणा पत्र की प्रशंसा करेंगे? वे हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और यह स्वभाविक है कि वे हमारे घोषणापत्र का विरोध करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''मैं खुश हूं और उनकी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देता हूं। हम छोटी क्षेत्रीय पार्टी है और जम्मू-कश्मीर से बाहर हमारा कुछ भी नहीं है फिर भी उन्होंने हमारे घोषणापत्र को पूरे देश में चर्चा का विषय बना दिया है। शायद ही कोई केंद्रीय मंत्री या (भाजपा का) मुख्यमंत्री होगा जिसने हमारे घोषणा पत्र पर बात नहीं की हो। मैं भाजपा का शुक्रगुजार हूं।'' उमर ने भाजपा नेतृत्व द्वारा उनका नाम लेकर निशाना बनाए जाने पर कहा, '' सत्ता से इतने लंबे समय से दूर रहने के बावजूद अगर प्रधानमंत्री या गृहमंत्री अपने भाषणों में मुझे याद कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि मैंने कुछ अच्छा किया है।'' नेकां नेता ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में खराब प्रदर्शन की वजह से भाजपा घबराई हुई है। इससे पहले नेकां और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमर ने कहा कि भाजपा कह रही है कि अगर '' हम सरकार बनाते हैं तो आतंकवाद का सफाया कर देंगे।''

हिसार का विकास मेरी प्राथमिकता: डॉ. कमल गुप्ता

डॉ. कमल गुप्ता ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया चुनाव प्रचार अभियान

संस्कार उजाला

हरियाणा/ हिसार (गरिमा) : हिसार शहर का विकास मेरी प्राथमिकता है। हमने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद शहर के सम्पूर्ण विकास के लिए कुछ सपने संजोए थे जिनको हमने पूरा करके दिखाया है। जो कसर रह गई है उसे आपके सहयोग से अगले पांच वर्षों में अवश्य ही पूरा कर देंगे। यह बात आज भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता ने नगर में अनेक जगहों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता ने सौरभ सिंगला, श्याम सोनी, डॉ. उमेश कालरा, दीपक, बलवंत सिंह यादव, विजय अग्रवाल व नवीन आदि के आवास व प्रतिष्ठानों पर जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील की। डा. गुप्ता ने कहा कि हिसार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का काम

पूरा हो चुका है। यहां से जल्द ही चंडीगढ़, जयपुर, दिल्ली, जम्मू व देहरादून सहित अनेक बड़े शहरों के लिए भी उड़ान शुरू हो जाएंगी। रेलवे वाशिंग यार्ड बनने से कई लम्बी दूरी की गाडिं चलनी आरंभ हो चुकी हैं तथा कई और लम्बी दूरी की गाडिों को चलाया जाना प्रस्तावित है। हिसार-हांसी-रोहतक रेलवे लाईन शुरू होने से दिल्ली की दूरी कम हो गई है। सिक्स लेन एक्सप्रेस व हिसार से दिल्ली तक बनना प्रस्तावित है, जिससे हिसार से दिल्ली मात्र सवा घंटा में पहुंचा जा सकेगा। डा. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 2019 में किए गए वादों को पूरा कर दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा घोषणाएं करके शिलान्यास पत्थर लगवाने में विश्वास नहीं करती। हम संकल्प लेते हें और लक्ष्य तय करते हैं तथा उनको हर हाल में क्रियांवित करने का काम करते हैं। झूठी घोषणाओं से परहेज करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवारों के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उनके नेताओं की बौखलाहट स्पष्ट दिखाई दे रही है। वहीं खजांचियान बाजार में महादेव ज्वैलर्स के शोरूम पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता का अभिनंदन किया गया। इस दौरान शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भारी संख्या में भाग लेते हुए अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम का संयोजन विनोद तोसावड़ ने किया। इस अवसर पर हरीश चौधरी, अरविंद सर्राफ, बलबीर सोनी नहला, राजकुमार सोनी, अशोक नियाना, नीरज कालवास, पवन सोनी, धीरज सोनी, सुभाष सोनी, प्रदीप सोनी सहित अनेक

नरेश सेलवाल आपकी विधानसभा के चुनाव के चर्चे पूरे देश में: राहुल गांधी

राहुल गांधी जी मेरा चुनाव जनता लड़ रही है: नरेश सेलवाल

संस्कार उजाला

हरियाणा/हिसार (गरिमा) :

वीरवार को बरवाला की कपास मंडी में कांग्रेस पार्टी द्वारा विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने शिरकत की तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश सहित कई बड़े नेता भी पहुंचे। रैली समापन के बाद जब राहुल गांधी स्टेज से चलने लगे तो वह उकलाना हल्के से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश सेलवाल को देखते ही आगे बढ़े और नरेश सेलवाल से हाथ मिला लिया। उसके बाद दोनों नेता खुश होकर एक दूसरे से मिले तथा राहुल गांधी ने नरेश सेलवाल के दोनों हाथों को अपने हाथों में ले लिया। राहुल गांधी ने कहा कि आपकी उकलाना विधानसभा के चुनाव के चर्चे तो पूरे देश में है। जिस पर तपाक से नरेश सेलवाल ने जवाब दिया कि राहुल गांधी जी मेरा चुनाव मैं नही बल्कि उकलाना हल्के की जनता लड़ रही है। वहां पर खड़े दीपेंद्र हुड्डा भी एक दम आगे बढ़े और कहा कि राहुल गांधी जी नरेश सेलवाल हल्के में एक तरफा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर रहे हैं और हरियाणा की जीतने वाली टॉप सीटों में एक सीट शामिल है। इसके बाद कई देर तक राहुल गांधी ने नरेश सेलवाल के साथ चर्चा की और उनकी पीठ थपथपाई। शायद नरेश सेलवाल राहुल गांधी से बोल रहे थे कि आपने मेरे ऊपर जो विश्वास जताकर कर उकलाना हल्के से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। उकलाना हलके की जनता यहां से रिकार्ड मतों से विजयी करके है ये सीट कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने जा रही है। जब राहुल गांधी नरेश सेलवाल के दोनों

हाथ पकड़कर कई देर तक चर्चा कर रहे थे तो उस दौरान पंडाल में पहुंची पूरी जनता और स्टेज पर खड़े सभी नेता एकटक देख रहे थे। राहुल गांधी आज जनसभा में पहुंचे तो उन्होंने सबसे ज्यादा समय तक नरेश सेलवाल के साथ चर्चा की। जो चर्चा का विषय बन गई। लोग कयास लगा रहे थे कि नरेश सेलवाल राहुल गांधी के बेहद करीब जा चुके हैं और उनकी मेहनत, लगन तथा जनता के प्यार को देखकर ही उन्हें उकलाना हलके से टिकट दिलवाई है। नरेश सेलवाल को मिल सकती है कैबिनेट में जगहबरवाला में आयोजित कांग्रेस पार्टी की रैली में जिस तरह से राहुल गांधी ने सिर्फ नरेश सेलवाल को ही व्यक्तिगत तौर पर सबसे ज्यादा समय दियाऔर वह उनके साथ हाथों में हाथ डालकर काफी समय तक खड़े रहकर चर्चा करते रहे। उससे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर नरेश सेलवाल को कैबिनेट में स्थान मिलना निश्चित है। क्योंकि नरेश सेलवाल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के पहले से ही बेहद करीबी हैं और अब वह राहुल गांधी की भी गुड बुक में शामिल हो चुके हैं। रैली में सबसे ज्यादा भीड़ उकलाना हल्के से पहुंची कांग्रेस पार्टी की बरवाला रैली में आज सबसे ज्यादा भीड़ उकलाना हल्के से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश सेलवाल के समर्थकों की रही। उकलाना हल्के के सभी गांवों से बसों और गाड़ियों में सवार होकर कांग्रेस कार्यकर्ता व समर्थक बरवाला रैली में पहुंचे और रैली को ऐतिहासिक बनाया। जिसका इनाम नरेश सेलवाल को राहुल गांधी ने स्पेशल खड़े होकर दिया और उनकी पीठ थपथपाई।

चीन से विवाद... 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी सेना

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट बढ़ा दिए हैं। सेना अब 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी। एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विभिन्न स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार कठिन मौसम की स्थिति और इलाके के बावजूद भारतीय सुरक्षा बल क्षेत्र पर अपना वर्चस्व सुनिश्चित कर रहे हैं।

पीपी-04 और पीपी-65 के बीच भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव कम होने के बाद नए पेट्रोलिंग क्षेत्र की पहचान हुई है। हालांकि दोनों देशों के बीच बफर की मौजूदगी के कारण इन नए गश्ती बिंदुओं तक पहुंचना मुश्किल है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के लिए मार्ग बनाए गए हैं। 2013-14 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़पें और गतिरोध बढ़े हैं। 2020 में लद्दाख में गतिरोध के कारण हिंसक झड़पें हुईं। इसमें एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तब से सुरक्षा बलों को नई तकनीक, ड्रोन, बुनियादी ढांचे, बलों के बीच बेहतर समन्वय और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) का उपयोग करके एलएसी के साथ सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र की हालिया पहल से बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है।

चीन के साथ 3488 किलोमीटर का बॉर्डर

भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच का मध्य क्षेत्र भारत की तरफ और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। जबकि पूर्वी क्षेत्र अरुणाचल, सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। लद्दाख चीन के साथ 1,597 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, उसके बाद अरुणाचल (1,126 किलोमीटर) है।

राहुल गाँधी की नागरिकता पर संदेह



राकेश अचल

अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती।

भारत अजूबा देश है। यहां जो होता है किसी अजूबे से कम नहीं है । अघोषित अधिनायकवाद के बावजूद यहाँ हर तरह की आजादी है । आप किसी को भी गाली दे सकते हैं । किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते हैं। और किसी को भी पाकिस्तान जाने की सलाह दे सकते हैं,और तो और आप माननीय अदालतों का भी वक्त जाया करने के लिए बे-सर-पैर की याचिकाएं लगा सकते हैं।

आज मुझे जब दूसरे किसी विषय पर लिखना था,मै भारत के इस अजूबे स्वभाव के बारे में लिख रहा हूँ । आज मेरे सामने भी वे राहुल गाँधी हैं जिनका भूत पूरी भाजपा और माननीय नेताओं के सर पर चढ़कर दिन-रात बोलता है । क्या आपको अजूबा नहीं लगता कि जिस देश में सरकार के मंत्री राहुल गांधी को देश का आतंकी नंबर वन कहते हैं उसी देश में सरकार राहुल गांधीको संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति का सदस्य भी बना देती है। दरअसल सरकार और भाजपा ही तय नहीं कर पा रही है की राहुल गांधी हैं क्या ? अब राहुल गाँधी से परेशान ,हलकान लोग उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहे है। सरकारी पार्टी कि ही एक नेता ने राहुल गांधी का पासपोर्ट जब्त करने की मांग अपनी ही सरकार से की है।

राहुल गाँधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले सुब्रमण्यम स्वामी जी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है. कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है तब हम सुनवाई नहीं कर सकते. हाईकोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा को निर्देश दिया कि वो इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर चल रही सुनवाई का स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को बताएं. मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

चूंकि स्वामी जी भाजपा के नेता हैं इसलिए आप ये मान सकते हैं कि उनकी याचिका के पीछे भाजपा भी है। स्वामी जी बच्चे नहीं हैं,वे रवीनद्र बिट्टू की तरह पुराने कांग्रेसी भी नहीं है। स्वामी जी 84 साल के अनुभवी और विद्वान नेता हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी नेता एवं सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। 1994-96 के दौरान विश्व व्यापार संगठन के श्रमिक

मानकों के निर्धारण में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभायी। लेकिन वे भी राहुल गाँधी के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं। राहुल भारत के नागरिक हैं या नहीं ,ये सवाल करने का स्वामी जी को पूरा हक है। उनके पास इसके पक्ष में दलीलें भी है। बेहतर होता कि वे जिस पार्टी के नेता हैं उस पार्टी की सरकार के सामने पहले ये मामला उठाते और जब सरकार नहीं सुनती तब अदालत का दरवाजा खटखटाते। स्वामी जी अपनी फजीहत खुद करा रहे है। जाहिर है कि उन्होंने पार्टी फोरम पर राहुल गाँधी का ये मुद्दा जरूर उठाया होगा और पार्टी है कमान से ही हरी झंडी मिलने के बाद वे अदालत गए होंगे । ये भी मुमकिन है कि सरकार और भाजपा ने स्वामी जी को ध्यान से सुना ही न हो इसलिए स्वामी जी सीधी लड़ाई लड़ना पड़ रही है है।

राहुल गांधी की नागरीकता को चुनौती देने वाले डॉ स्वामी अकेले नहीं हैं। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर भी इस मुद्दे को लेकर इलाहबाद हाईकोर्ट की शरण में हैं और मजे की बात ये है कि सब कुछ जानते हुए भी इलाहाबाद हाईकोर्टकोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं। याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

आपको बता दूँ कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े करते हुए अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जुलाई में याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे खारिज कर दियाथा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता को पहले सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए।यह मामला लोकसभा स्पीकर ओम बिडला तक भी पहुंचा है। अदालत में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए ओम बिडला से मांग की गई है कि राहुल गांधी को तबतक संसद सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति न दी जाए, जब तक गृह मंत्रालय की तरफ से इस मामले का निपटारा न कर दिया जाए। याचिका में यह भी सवाल किया गया है कि राहुल गांधी किस अधिकार के तहत लोकसभी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।लेकिन दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला भी इस मामले पर फैसला नहीं ले पाए।

दिल्ली है कोर्ट ने सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 09 अक्टूबर की तारीख तय की।चीफ जस्टिस मनोनीत मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर लंबित याचिका की प्रति प्राप्त करने को कहा।अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा।

आपको याद होगा कि पहले भाजपा सरकार राहुल गाँधी कि लोकसभा कि सदस्यता भी बहाने से छीन चुकी है ,लेकिन बीच में सर्वोच्च न्यायालय के आने से पिछली सर्कार को मुंह कि खाना पड़ी थी । भाजपा इससे पहले राहुल की जाती पर भी सवाल खड़े कर चुकी है लेकिन राहुल द्वारा खड़े किये जाने वाले किसी भी सवाल का जबाब देने से भाजपा और उसके नेता हमेशा कतराते रहते हैं। राहुल कि जाति पूछने वाले भी भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री और वर्तमान संसद अनुराग ठाकुर थे।

दुनिया जानती है कि राहुल गाँधी कि गर्भनाल दिल्ली में ही है ,अर्थात वे जन्म से ही भारतीय नागरिक हैं। अब कोई माने या न माने ये अलग बात है। राहुल कि नागरिकता को चुनौती देने वाले तमाम भाजपाइयों को पता है कि नई दिल्ली में जन्मे गांधी ने अपना बचपन नई दिल्ली और देहरादून के बीच बिताया उन्होंने नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दून स्कूल देहरादून में जाकर विशेष सभी लड़कों के बोर्डिंग सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अध्ययन किया। सुरक्षा समस्याओं के कारण, बाद में उन्हें घर पर रहकर ही पढ़ना पड़ा । गांधी ने सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अपनी स्नातक की डिग्री प्रारंभ की और फिर हार्वर्ड विश्वविद्यालय गए। अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी हत्या के बाद सुरक्षा खतरों के कारण, उन्होंने रोलिंस कॉलेज में फ्लोरिडा में अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने एम.फिल. कैम्ब्रिज से प्राप्त की। उनकी किसी डिग्री को उस तरह से चुनौती नहीं दी गयी जिस तरह कि मौजूदा प्रधानमंत्री कि डिग्रियों को दी जा सकती है।

अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं ? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती। जहाँ तक मुझे याद आता है कि भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मुख्य न्यायसदिश रजब गोगोई के जमाने में भी सुप्रीम कोर्ट इस मामले को खारिज कर चुकी है।अब देखना है कि तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा राहुल को देश से बाहर निकल पाती है या नहीं।

संपादकीय

टिप्पणी पर सख्ती

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने से सतर्क रहने को कहा है, जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिक या समुदाय के खिलाफ हों। अदालत ने कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बेशक, उनको माफ कर दिया लेकिन उसकी तल्खी स्पष्ट दिखी। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा कहा जा सकता क्योंकि वह मूलभूत देश की क्षेत्रीय अखंड़ता के विपरीत है। पीठ ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। देश के ज्यादातर उच्च न्यायालयों द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग या वीड़ियो कॉन्फ्रेंस शुरू की जा चुकी हैं। सोशल मीड़िया पर नियंत्रण न होने और गोपनीयता के लिए खतरनाक होने के सवाल पर पीठ ने कहा कि किसी गलत बात पर पर्दा ड़ालना कोई समाधान नहीं है, बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। कर्नाटक हाई कोर्ट की टिप्पणी सोशल मीड़िया पर वायरल हो गई थी जिस पर नेटीजनों ने तरह-तरह के कमेंट किए थे। कर्नाटक हाई कोर्ट ने महिला वकील के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था। पितृसत्तात्मक समाज में स्त्रियों के प्रति इस तरह की पूर्वाग्रहीत बातें आम होने के बावजूद न्याय की कुर्सी पर विराजित सम्मानित अधिकारी से ऐसी उम्मीद नहीं की सकती। सर्व धर्म समभाव और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होने की संवैधानिक व्यवस्था को किसी भी रूप में नकारा जाना उचित नहीं है। जजों के साथ ही वकीलों और वादियों को इस दौर में खासी सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि अब अदालत में मौजूद लोग ही न्यायिक प्रक्रिया नहीं देखते बल्कि चर्चित फैसलों पर आम लोगों की भी कड़ी नजर होती है। देश की आधी से ज्यादा आबादी अब इंटरनेट का इस्तेमाल करना सीख चुकी है। जब इस तरह की कोई भी टिप्पणी वायरल होती है तो उस पर किए जाने वाले कमेंट्स पर सख्ती नहीं की जा सकती। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश विभिन्न मौकों पर मार्गदर्शन द्वारा न्याय प्रणाली की गरिमा को बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। यही कारण है कि देश की न्याय प्रक्रिया के प्रति देशवासियों में जबरदस्त विश्वास बना हुआ है। उसे कायम रखने के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को इस आदेश का गंभीरतापूर्वक अनुपालन करना चाहिए।

चिंतन-मनन

गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है।

जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं।

बदलती लाइफ स्टाइल से नींद की कमी एक बड़ी चुनौती

दिलीप कुमार पाठक

स्वस्थ शरीर के लिए विशेषज्ञ स्लीप साइकल को ठीक रखने पर विशेष जोर देते हैं, इसमें सोने-जागने के निर्धारित समय और नींद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है नींद की गुणवत्ता का संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर देखा जा सकता है। तमाम अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नींद की गुणवत्ता के साथ इसकी अवधि का ख्याल रखना भी बहुत आवश्यक है, अक्सर लोगों की स्लीप साइकल में एक बड़ी समस्या देखी गई है, कई लोगों को रात में देर तक जगने की आदत होती है। यह आदत भले ही सामान्य लगती हो, पर सेहत पर इसके कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रात में 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। इसके लिए रात में 10 से सुबह 6 बजे तक सोने के समय को सबसे गुणवत्तापूर्ण नींद वाला माना जाता है, हालांकि अक्सर देखने को मिलता है कि अधिकतर लोग रात में 12-1 बजे सोते हैं। यह आदत आपकी स्लीप साइकल को बिगाड़ देती है, जिससे नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है। देर से सोने वाले लोगों में स्वाभाविक रूप से सुबह देर से उठने की भी आदत होती है, इस कारण से अक्सर ऐसे लोगों के लिए सुबह के समय व्यायाम कर पाना कठिन हो जाता है। हेल्थ प्रमोशन एंड क्रॉनिक डिजीज प्रिवेंशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि देर से सोने वाले लोगों में अन्य लोगों की तुलना में गतिहीन जीवनशैली की समस्याएं भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिसका संपूर्ण सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हो सकता है। आजकल नींद की कमी से परेशानियां बहुत आम हो गई हैं। खासकर युवाओं में डिप्रेशन अवसाद की बीमारियां डेरा जमा चुकी हैं। देश में युवाओं का एक बड़ा वर्ग अवसाद से ज्यादा परेशान है। जिन्हें इसकी समस्या होती है, ऐसे लोग अपनी तरह की दुनिया बना लेते हैं..। हमारे आसपास के लोग समझ नहीं पाते..। मेरा मानना है पहले आप अपनी जरूरतें पूरी करिए फिर आप जमाने के लिए सोचिए जब आपके अंदर ही एक कोलाहल है तो आप दुनिया के लिए क्या ही लड़ पाएंगे! मुझे सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में ज़्यादा पता नहीं है लेकिन इस उम्र में डिप्रेशन का कारण ज्यादातर भविष्य की चिंता ही होती है। सबसे पहले आप खुद को स्थायित्व दीजिए बाद में जमाने के लिए सोचिए। अभी कुछ दिनों पहले पढ़ा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प ने डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या कर ली। भला इंग्लैंड के इतने बड़े क्रिकेटर को ऐसी क्या समस्या थी कि उन्होंने खुद को ऐसे खत्म कर दिया?? जाहिर है अंदर एक कोलाहल रहा होगा जो उन्हें अपने साथ ले गया..। वैसे भी पैसे जरूरतों से ज़्यादा मानसिक सुकून बहुत आवश्यक है।

मैंने बहुत सालों से अनुभव किया है, हमारे समाज में या दुनिया में जिस तरह की लाइफस्टाइल को लेकर आकर्षण है, मुझे लगता है कुछ सालों बाद आधी दुनिया अवसाद में होगी। आज हर तीसरा आदमी अपनी टेंशन में डूबा हुआ है। एक-दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद, असीमित सामाजिक दबाव...अवसाद के कई कारण होते हैं, लेकिन नींद की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण है। अब आधी दुनिया रात में सोती नहीं है, जबकि बहुत आवश्यक हो तो हो देर रात जागना चाहिए। वैसे भी नींद का जीवन में अपना एक महत्व होता है, इसके दुष्प्रभाव जल्दी पहिचान में नहीं आते, बल्कि धीरे-धीरे नींद की कमी गम्भीर समस्या बन जाती है ; और आज आधी से ज्यादा युवाओं की आबादी इसकी गिरफ़्त में है। अब तो देर रात तक जगने का फैशन बन चुका है। रात में जागने के बाद जिम जाकर शरीर फुलाने से क्या हासिल होता है?? योग व्यायाम की जगह जिम करने की अंधी दौड़ भी युवाओ को परेशानी में डाल रही है। सेहत को लेकर ऐसी लापरवाही कई बीमारियों को जन्म देती हैं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद सोना चाहिए। इससे कम सोने वाले लोगों को मोटापा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है अगर आप भी ये गलती करते हैं, तो आपको बता दें कि आप अपनी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं लेने से आयु कम होती है। दक्षिण कोरिया में 16 सालों तक किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग रात में ज्यादा देर जागना पसंद करते थे, उन्हें कम उम्र में ही अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। जो लोग रात में ज्यादा देर तक जागते हैं, उन्हें मेमोरी लॉस, डिसीजन मेकिंग आदि में समस्या का सामना करना पड़ता है। देर से सोने वाले लोगों में मूड स्विंग भी देखे जा सकते हैं।

मैंने अब तक बहुत से चिकित्सकों से परामर्श लिया है, उन्होंने जिम जाने की बजाय योग, व्यायाम को सही बताया है। जबकि जिम जाने के अनेकों साइड इफेक्ट हैं। अतः सबसे पहले अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करते हुए रात में जल्दी सो जाएं रात सोने के लिए ही बनाई गई है, सुबह सूरज उगने से पहले उठ जाएं, सुबह योग, व्यायाम करने के बाद जल्दी नहाकर फ्रेश हो जाएं..उगते हुए सूरज को देखिए, सुबह चिड़ियों को देखिए, डिप्रेशन से आप पूर्णतः विजयी तो नहीं होंगे फिर भी आप आगे के लिए खुद को बेहतर कर पाएंगे। जब आपका मूड फ्रेश होगा तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जो अच्छा लगे वो कीजिए। समाने वाला जो करता है वही मुझे करना है इस धारणा से खुद को बचाकर रखिए..। अगर ये रात में अनावश्यक जागने का फैशन ट्रेंड में रहा तो देखिएगा दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से घिरी होगी। और यह समस्या बड़ी विकराल होगी...नींद की कमी से भी अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अपने घर परिवार आसपास लोगों को बताइए नींद का महत्त्व समझाएं, मैं ऐसे कितने लोगों को जानता हूँ जो रात में अनावश्यक जगते रहते थे, मेरे समझाने के बाद जल्दी सोने लगे हैं, योग, व्यायाम को तरजीह देने लगे हैं.। हालांकि कईयों के अवसाद का कारण आंतरिक समस्याएं भी हो सकती हैं, अतः आप चिकित्सकों का मार्गदर्शन लें, क्योंकि अवसाद को पूरी तरह से ठीक करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है.

वर्कलोड़ : टेशन तो बिल्कुल नहीं लेने का



रजनीश कपूर

संजय दत्त की बहुचर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक डायलॉग काफी हिट हुआ था जिसमें वो हर किसी को न घबराने की सलाह देते हुए कहते थे 'टेंशन लेने का नहीं-देने का'। परंतु शायद उस फिल्म में दिए गए संदेश को कुछ लोग गंभीरता से नहीं ले सके। इसीलिए वे मामूली से तनाव को इतना बढ़ा लेते हैं जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। इस फिल्म ने कठिन परिस्थितियों को गंभीरता से न लेने की सलाह दी परंतु आजकल के 'वर्क प्रेशर' और प्रतिस्पर्धा के चलते हर दूसरा व्यक्ति तनाव में दिखाई देता है।

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर पुणे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐना सेबेस्टियन की मां की चिट्ठी काफी चर्चा में रही। भारत में इस कंपनी के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में ऐना की मां ने उल्लेख किया कि किस तरह उनकी पुत्री पर कंपनी ने काम का दबाव बनाया हुआ था। मात्र चार महीने की नौकरी में दबाव इतना बढ़ गया कि इसने ऐना की जान ले ली। इस दबाव का स्पष्ट उदाहरण तब भी दिखा जब ऐना के अंतिम संस्कार में कंपनी में काम करने वाले सहकर्मी भी नहीं पहुंचे। जैसे ही ऐना की



मां का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही इस कंपनी में काम कर चुके पूर्व कर्मचारियों ने अपने भयानक अनुभव भी साझा किए। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा वैसे ही कंपनी की ओर से 'वर्क प्रेशर' का खंडन किया गया। वैसे सरकार ने मामले में जांच बैठा दी है। ऐना की मृत्यु ने कॉरपोरेट जगत में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, 'वर्क प्रेशर' के बढ़ते हुए तनाव के कारण दुनिया भर से ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे रहने के चलते कई लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। चीन में एक व्यक्ति ने लगातार 104 दिनों तक बिना किसी छुट्टी के काम किया और अंततः शरीर के कई अंगों की विफलता के कारण उसकी मौत हुई। वहां की अदालत ने उस व्यक्ति की कंपनी को उसकी मौत का 20 प्रतिशत तक जिम्मेदार ठहराया। वहीं अमेरिका के एक बैंक कर्मचारी की मृत्यु का कारण भी उसके काम का दबाव ही बना। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां कर्मचारियों से अधिक काम करवाने के चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में काम के दबाव- तनाव के चलते प्रति वर्ष करीब 7.50 लाख लोगों की मृत्यु होती है। ऐसा इसलिए होता है कि अधिक काम करने का सीधा प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। काम का तनाव लेने से मनुष्य में हृदय रोग, डायबिटीज और स्ट्रोक जैसी घातक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं आज के सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जब हम घंटों कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करते हैं, तो हमारे जोड़ों में जकड़न, कमर में दर्द, सरदर्द, आंखों में थकान, जैसे प्रारंभिक लक्षण भी दिखाई देते हैं। तनाव के चलते हमारे शरीर में ऐसे रसायन पैदा हो जाते हैं, जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ा देते हैं। इसलिए हम चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। तनाव के चलते जब गाड़ी चलाकर हम अपने दफ्तर से घर या घर से दफ्तर जा रहे होते हैं, तो ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका भी बढ़ जाती है। मोबाइल फोन और ईमेल के चलते हम हर समय अपने काम से जुड़े रहते हैं। इसलिए हमें काम से आराम नहीं मिल पाता। ऐसे तनाव का सीधा अनुभव आपको उस समय होता होगा जब आपके मोबाइल पर आपके बॉस का फोन बजता होगा। आप यदि अपने घर पर हों और परिवार के साथ समय बिता रहे हों, तभी आपके बॉस का फोन बजे तो आपके चेहरे पर अजीब से तनाव की झलक मिल जाती है। ऐसे में पारिवारिक सुख को भी झटका लगता है।

जानकारों के अनुसार, सप्ताह में 55 घंटे या उससे अधिक काम करने वालों में तनाव बढ़ने की संभावना अधिक होती है। तनाव अन्य बीमारियों को बढ़ावा देता है परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सफल होने के लिए कम मेहनत करनी चाहिए। बिना मेहनत किसी को कामयाबी नहीं मिलती। इसलिए हमें परिश्रम और अतिश्रम के बीच एक को चुनना चाहिए। परिश्रम किया जाए तो एक सीमा तक ही किया जाए। आपको अपने शरीर की क्षमतानुसार ही काम करना चाहिए। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। नियमित रूप से तनाव-मुक्ति के कई साधन जैसे योग, ध्यान, भजन, मनोरंजन आदि का सहारा लेना चाहिए। अगर इम्प्लॉयर की बात करें तो उन्हें भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के चलते कर्मचारियों पर दबाव बनाना पड़ता है परंतु यह दबाव भी एक सीमा तक ही दिया जाए। हमारे समाज को काम और आराम के बीच एक संतुलन बनाने की जरूरत है वरना ऐना सेबेस्टियन जैसे कई और होनहार कर्मचारियों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। आजकल के युवा भी जल्द कामयाबी पाने के चक्कर में काम और आराम में संतुलन नहीं बना रहे हैं। इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसलिए हर युवा और वरिष्ठ कर्मचारी को 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म से सीख लेते हुए 'टेंशन न लेने' की आदत डाल लेनी चाहिए।

व्यापार मंडल ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला ज्ञापन सौंपा

संस्कार उजाला
सलीम खान/आसिम अजीज

रामपुर। जनपद उत्तर प्रदेश,एस०ई० महफूज आलम द्वारा धरना स्थल पर आकर सार्वजनिक तौर पर गतिरोध समाप्ति हेतु वार्ता आमंत्रण देने और समस्त घटना क्रम पर खेद व्यक्त किया। स्मरण रहे कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा अपने साथियों के साथ कल अधीक्षण अभियंता उ०प्र०पॉवर कॉर्पोरेशन, रामपुर के द्वारा नियत समय पर पनवाडिया स्थित उनके कार्यालय पर वार्ता हेतु गए थे और कठिनाइयों के निवारण हेतु लिखित ज्ञापन विस्तृत चर्चा हेतु कार्यशाला की मांग का सौंपा था। लेकिन एस०ई०श्री आलम द्वारा अत्यधिक अशिष्ट व्यवहार किया गया और व्यापारी शिष्टमंडल को अवांछनीय होने का अहसास कराते रहने में ही लगे रहे। मीटिंग की तिथि व समय निश्चित करने पर भी टालमटोल करते रहे विद्युत विभाग से हो रही समस्याओं के मामलों पर भी अड़ियल रुख अपनाये रहने और कोई संतुष्ट जवाब नहीं देने पर ही आमादा रहे थे। असहनीय और अशोभनीय उनकी यह बात रही कि 7 तारीख के बाद लिख कर बतायेंगे कि आगे कब क्या कैसे होगा। लगातार अनुरोध के बाद भी असहनीय उपेक्षा के कारण जिलाध्यक्ष श्री शर्मा जी द्वारा साथियों से विचार विमर्श उपरांत धरने पर बैठने का फैसला लिया गया। लगातार 5 घंटे पनवडिया बिजली घर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के आगे दरी बिछा कर लगातार व्यापारी डटे रहे। और व्यापार मंडल जिंदाबाद! व्यापारी एकता जिंदाबाद! जो व्यापारी से टकराएगा चूर चूर हो जाएगा!यह तानाशाही नहीं चलेगी! यह गुंडागर्दी नहीं चलेगी! व्यापारी उत्पीड़न हाय-हाय के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। धरने की खबर नगर के बाजारों के अंदर फैल गई और सब व्यापारी दुकानें बंद करके पनवडिया बिजली घर पहुंचने लगे। सोशल मीडिया पर व्यापार मंडल के साथ दुर्व्यवहार की खबरें वायरल होने पर बाजार बंदी की अफवाह फैल गई जिस पर देर से जिला प्रशासन की तरफ से हस्तक्षेप कर धरना समाप्ति के प्रयास किए जाने पर देर रात तक व्यापार मंडल के अध्यक्ष को मनाने की पूरी कोशिश चलती रही पहले अधिशासी अभियंता तृतीय श्री कर्मवीर सिंह ने व्यापारियों के बीच बैठ कर अधीक्षण अभियंता की ओर से खेद जताया मगर व्यापारियों के इनकार करने पर कि आप तो वार्ता में मौजूद ही नहीं थे आप काहे को माफी मांग रहे हैं। देर रात 10:00 बजे अधीक्षण अभियंता श्री आलम ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपने अल्फाजों को वापस लेते हुए खेद जताया और व्यापार मंडल के साथ सारी समस्याओं को लेकर आगामी 30 तारीख को ही मीटिंग कर समाधान निकालने के लिए आमंत्रित किया और शर्मा जी से बार बार हाथ मिला कर आग्रह किया तो जाकर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शर्मा जी ने देर रात 10:30 बजे धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया। उसके बाद सारे व्यापारी अपने अपने घरों को लौट गए। प्रमुख रूप से जिलामहामंत्री शाहिद शम्सी नगराध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान हारिस शम्सी बिलाल शम्सी फैसल हबीब फर्रुख सउद उजैर अहमद मोहसिन खान मुराद खान नईम खान इरफान उस्ताद नजमी खान सुदेश यादव नूर मोहम्मद खान वाजिद अली इमरान सलीम शाकेब अहमद राजीवगुप्ता अमित शर्मा नसीमुद्दीन चंद्रप्रकाश रस्तोगी प्रदीप खंडेलवाल हरीश अरोड़ा अनिल अरोड़ा पुष्कर अग्रवाल वरुण मिश्रा समेत आदि मौजूद थे।

जुगराजपुर के गौ संरक्षण केंद्र पर चार गोवंशों की हुई दर्दनाक मौत, एसडीम विनय कुमार मौर्य ने किया मौके पर निरीक्षण,

संस्कार उजाला

कुठौंद जालौन, विकासखंड कुठौद के ग्राम पंचायत रणधीरपुर के मजरा जुगराजपुर में गौ संरक्षण केंद्र पर भूख एवं कुपोषण से चार गोवंशों की एक साथ मृत्यू हो गई जिसको ग्राम प्रधान ने बिना दफनाये ही मृत्य गौ वंशो को नाले में फिकवा दिया जिस जगह पर यह गोवंश पड़े थे वहां पर कई गौ वंशो के अवशेष पहले से ही पड़े हुए थे जिसका वीडियो वायरल होते ही मौके पर जालौन एसडीम विनय कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ए डि ओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, एवं गौ रक्षा दल के पदाधिकारी गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष राम जी व्यास, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सेंगर, सुनील सेंगर, अजय सिंह मौके पर पहुंच गए उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने मौके पर जाकर देखा तो चार गौ वंश नाले में पड़े मिले तथा वहां पर गोवंशों की भारी मात्रा में अवशेष भी मिले और गौशाला का निरीक्षण किया तो मौके पर गौ वंशों को खाने के लिए भूसा भी नहीं था और ना ही गौशाला की साफ सफाई की गई थी ग्रामीण ने बताया की कम से कम 100 से अधिक गोवंश अन्ना घूम रहे हैं जब ग्रामीण उन गौ वंशों को गौशाला में लेकर आते हैं तो ग्राम प्रधान गाली गलौज करके उनको भगा देता है और उन आवारा गौ वंशों को गौशाला में अंदर नहीं होने देता है जिससे किसानों की खड़ी फसल चौपट हो रही है ग्रामीणों ने यहां तक बताया कि ग्राम प्रधान रात में गोवंशों को निकाल देता है और सुबह उनको गौशाला में बंद करवा देता है वहां पर आसपास के ग्रामों के कई ग्रामीण उपस्थित थे उन्होंने जब खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप से इस संबंध में शिकायत की तो खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप लौटकर किसानों को धमकी देने लगे और कहने लगें की कार्रवाई तो हम करेंगे अगर आप लोग इस तरीके से बार-बार वीडियो वायरल करेंगे तो हम उसे पर कोई भी कार्रवाई नहीं करेंगे जबकि इस संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र पहले भी दिए जा चुके हैं तथा न्यूज पेपर के माध्यम से खबर भी प्रकाशित की गई है लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है जबकि विकासखंड कुठौंद की कई अन्य गौशालाओं की स्थिति बहुत ही खराब है लेकिन किसी भी गौशाला पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती है क्योंकि प्रधानो द्वारा अधिकारियों को सुविधा शुल्क दिया जाता है देखने वाली बात यह है कि पहले की ही तरह इस बार भी कार्रवाई की जाती है या नहीं जबकि मौके पर हर साक्ष्य मौजूद मिले वहां उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में भूख के कारण लगातार गौ वंशो की मृत्यु हो रही है और एक भी गोवंश को दफनाया नहीं गया है

संक्षिप्त डायरी

जुम्मे की नमाज पढ़ कर मस्जिद से लौट रहे युवक को बेरहमी से पीटा पिता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की लगाई गुहार

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मस्जिद से जुम्मे की नमाज पढ़ कर घर जा रहे। युवक पर गांव के ही रहने वाले तीन युवकों के द्वारा बेरहमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कस्बा बक्सर में 27 सितंबर की दोपहर में मस्जिद से जुम्मे की नमाज पढ़कर घर जा रहे। नावेद पुत्र वकील के साथ गांव के ही रहने वाले अनस,अयान, पुत्र युसूफ ने अपने दोस्त शिवम के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट करने पर पीड़ित पिता वकील पुत्र अब्दुल रशीद ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम पंचायत मुरादपुर में समस्याओं का नहीं समाधान पीड़ित ग्रामीणों ने जिला अधिकारी आवास गेट पर किया प्रदर्शन

संस्कार उजाला

हापुड़ जनपद की ग्राम पटना मुरादपुर में गंदगी और पानी के लिए तरस रहे लोगों की समस्या का समाधान नहीं होने होने पर आखिर ग्रामीणों के सबर का बांध टूट गया। और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के आवास के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आपको बता दे हापुड़ जनपद के थाना देहात क्षेत्र के गांव पटना मुरादपुर में ग्राम वासियों ने प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम आवास के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार के हर घर जल जैसी योजनाओं को ग्राम प्रधान के द्वारा पलीता लगाए जाने के साथ पिछले 6 महीने से टंकियां में पानी नहीं आने और ना कोई विकास कार्य करने जैसे ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिलाओं और बच्चों ने ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा से समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

केन्द्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला

हापुड़ /कृषि विज्ञान केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड़ के सभागार में केन्द्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ के सौजन्य तत्वाधान में अनुसूचित जाति योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं इनपुट वितरण अनुपूरक खिलाई और स्वास्थ्य रक्षा द्वारा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र,बाबूगढ, हापुड से जुडे ग्राम अटूटा,सिमरौली, कविनगर,ततारपुर, उपैडा,सिखैडा इत्यादि गांवों से 100 से अधिक कृषक एवं महिला पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना के नोडल अधिकारी डा० संजीव कुमार वर्मा,प्रधान वैज्ञानिक ने कृषकों को संन्तुलित पशु आहार के महत्व एवं पशुओ के स्वास्थ्य रक्षा के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र,बाबूगढ़,हापुड के प्रभारी अधिकारी डा० अरविन्द कुमार ने कार्यक्रम में आने वाले कृषकों का आह्वान करते हुए कहां की इस तरह के कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।जिससे केन्द्र द्वारा चलायी जा रही परियोजना का लाभ समाज में निर्बल वर्ग को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड के मृदा वैज्ञानिक डा० अशोक सिंह ने मृदा स्वास्थ्य एवं रबी फसलों की नवीनतम प्रजातियों के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र की महिला वैज्ञानिक डा० विनिता सिंह ने महिलाओं को आगामी प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया जो दुग्ध प्रसंस्करण से सम्बन्धित होने वाले हैं। मेरठ से आये डा० नरेश प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने पशुओं से स्वच्छ दुग्ध उत्पादन लेने के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी पंजीकृत कृषकों को 50-50 किग्रा० सन्तुलित दाना मिश्रण,लोहे का तशला,पेट के कीडे मारने की दवाऔर चोट लगने पर काम आने वाली मरहम नि:शुल्क वितरित की गयी। अखिल,मुकेश ने उक्त कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अन्त में डा० आशीष त्यागी ने सभी कृषकों को धन्यवाद दिया।

गले में सेब का टुकड़ा अटकने से मासूम की हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

संस्कार उजाला
गढ़मुक्तेश्वर/ जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के कस्बा बहादुरगढ़ में सेब खाने के दौरान सेब का टुकड़ा गले में अटकने से 13 माह के मासूम की हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। बता दें कि बहादुरगढ़ निवासी कन्हैया का 13 माह का बेटा निधांश दोपहर को घर पर खेल रहा था। इसी दौरान उसकी मां सेब का एक छोटा सा टुकड़ा काटकर उसे खिलाने लगी। सेब का टुकड़ा मासूम के गले में अटक गया। बच्चे की हालत बिगड़ती देखकर मां के द्वारा शोर मचाने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और तुरंत ही बच्चे को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे। लेकिन उपचार से पहले ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से पीड़ित परिजनों सहित मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

भाकियू (टिकैत) कार्यालय पर आपातकालीन बैठक हुई आयोजित

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यालय पर आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आगाज को लेकर मंथन कर बताया कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का एक जत्था 5 अक्टूबर को हापुड़ से लखनऊ के लिए रवाना होगा। बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर में स्थित कैम्प कार्यालय पर 27 सितंबर को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की आपातकालीन बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मूलचंद त्यागी एवं संचालन जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी ने किया। आयोजित बैठक के दौरान मुख्य चर्चा किसानों के मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को लेकर की गई । जिसमें जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद ने कहा कि गरीब किसानों के मसीहा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि 6 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हर्ष हुल्लास के साथ मनाई जाएगी। आपातकालीन बैठक इस अवसर पर क्वीन महिला विंग जिलाध्यक्ष नीलम सिंह,रोशनी सैफी, सुमित्रा देवी, सरिता देवी,कल्पना देवी, गढमुक्तेश्वर तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी,जिला संरक्षक पीके वर्मा,तहसील संयोजक माजिद चौधरी, सिम्भावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली,नोशाद अली, प्रदीप चौधरी, महिपाल सिंह उर्फ गुजराल,डॉक्टर मतलूब पुष्पेंद्र चौधरी,इंसाफ अली, बिल्लू त्यागी,सुनील त्यागी,कृपाराम राणा, तोताराम राणा,हिमांशु गौतम समेत रहे।

समामेंजसेवी अरविंद वर्मा ने लिया संज्ञान लगवाया बिजली का पोल

गांव के आबादी क्षेत्र से निकली 11000 लाइन का खंबा कई महीने टूटा था।

बिजली विभाग की घोष लापरवाही के कारण हो सकता था बड़ा हादसा

संस्कार उजाला
जनपद शाहजहांपुर

खुटार (शाहजहांपुर) थाना क्षेत्र खुटार के गांव रौतापुर कला में लगभग 6 माह से ज्यादा से 11000 लाइन का खंबा टूटा हुआ था जोकि आबादी क्षेत्र था जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने ना संज्ञान लिया।कई बार लिखित सूचना दी गई।आज ग्राम पंचायत रौतापुर कलां के समाजसेवी अरविंद वर्मा ने अधिकारियों से मिलकर खंभे को लिया और अपने निजी घर से हाइड्रा मशीन मंगा कर खंभे को लगवाया। कभी भी हादसा हो सकता था 11000 लाइन के तार बिल्कुल जमीन में लटक रहे थे। समाजसेवी अरविंद वर्मा के लगातार गांव में समाज हित के लिए कार्य करते है।

पिछड़ा समाज प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष बने पिंटू सक्सेना

संस्कार उजाला

खुटार। बुधवार को राष्ट्रीय एकता संगठन की बैठक हुई बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा (रजत) ने गांव मोहनपुर निवासी पिंटू सक्सेना को ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा समाज प्रकोष्ठ पद पर मनोनीत किया है। इसके साथ ही संगठन को मजबूत करने और आगे बढ़ाने को अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा हेमू, जिला सचिव अखिलेश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष युवा मंच प्रकोष्ठ मोहित मिश्रा आदि कार्यकताओं ने बधाई दी इसके साथ ही मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की ।

जनता से सीधा संवाद करेंगे जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला

संस्कार उजाला

उरई जालौन,जालौन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने जिला कमेटी के अपने पदाधिकारी को एक पत्र जारी किया इस पत्र का आशय जनता की तमाम जन समस्या समाधान हेतु जालौन मुख्यालय के उरई स्थित रामनगर में शहीद भवन कांग्रेस कार्यालय सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक खोलने का निर्णय लिया गया है जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने एक पत्र नामित पदाधिकारी को जारी किया है जिसमें दिनबार पदाधिकारी कांग्रेस ऑफिस में बैठेंगे जिसमें जिला अध्यक्ष श्री शुक्ल ने अपने कमेटी के उपाध्यक्ष महासचिव एवं सचिव लोगों को तथा कुछ फ्रंटल अध्यक्षों को जिसमें महिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पटेल एवं अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार वाल्मीकि को जिम्मेदारी सौंपी है देखना यह है कि जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला का एह अनूठ' प्रयोग कांग्रेस को कितना फायदा पहुंचा पाते हैं यह तो देखा गया है कि जब से धीरेंद्र शुक्ला ने जब से कांग्रेस की कमान संभाली है तब से कांग्रेस अपना पिकअप बराबर बनाए हुए हैं जिला अध्यक्ष श्री शुक्ल का निर्णय काबिले तारीफ है जहां कांग्रेस के अंदर ही उनको कुछ कांग्रेसी पसंद नहीं करते यहां तक कहते सुना है कि जिला अध्यक्ष अपनी मनमानी करते हैं यह तो भविष्य बतायागा कि धीरेंद्र शुक्ला खुद को एवं पार्टी को जनपद में मजबूती प्रदान कर सकते हैं वहीं धीरेंद्र शुक्ला के कुछ विरोधी कहते हैं कि जल्दी ही पद मुक्त होंगे जब दूरभाष पर जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला से बात हुई तो उन्होंने हंसकर कहा कि शीर्ष नेतृत्व को अगर हमारा काम अच्छा नहीं लगेगा तो हटाया भी जा सकता हूं कोई पूरे जीवन पद पर नहीं रहता अभी ऐसी कोई बात नहीं जिला अध्यक्ष अपनी कोई ऐसी कमी नहीं छोड़ते शायद उन्हें भी कभी-कभी पद मुक्त ना हो जाऊं इसका डर लगा रहता है देखा गया है कि अभी कई वर्षों बाद जनपद जालौन को इतना बेबाक जिला अध्यक्ष अलग अंदाज में रहने वाले अध्यक्ष के चेहरे पर भी कभी-कभी मायूसी देखी जाती है कहीं पद मुक्त हो जाने का डर तो नहीं सता रहा जिस अंदाज में जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला काम करते हैं उससे तो यह अंदाजा लगाया जा सकता है की लंबी पारी खेलेंगे अभी कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यह जीत का सेहरा भी बांध चुके श्री शुक्ला क्या 2027 विधानसभा के चुनाव की पारी खेलेंगे या यह विरोधियों के हाथ कैच आउट हो जाएंगे खैर कई वर्षों से कमजोर लाचार जनपद की कांग्रेस को मजबूत करने में श्री शुक्ला कोई कसर नहीं छोड़ रहे आगे भविष्य की गर्भ में

सांसद अरुण गोविल ने जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल गर्ल्स के मैचो भव्य उद्घाटन किया

संस्कार उजाला
जिला प्रभारी अमित शर्मा

हापुड़/हापुड़ मेरठ लोकसभा सांसद अरुण गोविल ने जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल गर्ल्स के होने वाले मैचो का दूसरे दिन किया भव्य उदघाटन। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण गोविल मेरठ हापुड़ लोकसभा सदस्य,वाईपी सिंह राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) उत्तर प्रदेश सरकार एवं अवनीश त्यागी प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी , विभु बंसल चेयरमैन नगर पालिका पिलखुवा,अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रोहित राणा ने स्कूल प्रांगण में पहुचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के संस्थापक राकेश सिंघल,उप संस्थापक डॉ हिमांशु सिंहल सेक्रेटरी डॉ रोहन सिंघल प्रबंधक डॉ आयुष सिंघल एवं प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने इस अवसर पर आए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया ।कार्यक्रम की शुरूआत सांसद अरुण गोविल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को आसमान में उड़ाकर शुभारंभ किया। और सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। उनके द्वारा तीन सुनहरे शब्द 'जय श्री राम' कहने पर लोगो ने भी जय श्रीराम की जय जय कार करते हुए वातावरण को राम भक्तिमय बना दिया। वही इस अवसर पर सांसद अरुण गोविल ने प्रतिभागियों से अपने प्रसिद्ध चरित्र भगवान राम की तरह साफ-सुथरा और निष्पक्ष खेल खेलने का आग्रह किया। और युवा खिलाड़ियों में सकारात्मकता फैलाने पर जोर दिया। उनकी उपस्थिति ने वास्तव में सभी श्रोताओं को रामायण की पवित्र दुनिया से अवगत करा दिया। हर कोई सांसद के साथ एक तस्वीर क्लिक करने के लिए मंत्रमुग्ध नजर आए। जिसको उन्होंने उदारतापूर्वक स्वीकार किया। बाद में उन्होंने एक मैच देखने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने पूरे समय तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और टीमों के बीच संघर्ष देखने का आनंद लिया। वहीं दूसरे दिन के विशिष्ट अतिथि रहे। वाई पी सिंह राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि आज भारत सरकार द्वारा तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए खेलो इंडिया जैसी प्रतियोगिता शुरू कर एक नया मंच प्रदान किया है। आज खेल के माध्यम से विभिन्न विभागों में खेलकोटे के अंतर्गत सीधी भारतीयों के द्वारा नौकरी प्रदान किए जाने के साथ-साथ खेल पुरस्कारों के माध्यम से आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। इस मौके पर अवनीश त्यागी प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी ने भी सभी खिलाड़ियों को खेलों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैच इतने जोश और उत्साह के साथ खेले जा रहे थे। जिसने सभी खिलाड़ियों को रोमांच से भर दिया । अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित राणा ने भी आए हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तथा उनके साथ अपना अनुभव साझा कर बताया कि यदि हम किसी भी खेल को सच्ची लगन निष्ठापूर्वक खेले तो हम ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं । 14 वर्ग में आरएएन पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड ने गुरुकुल द स्कूल,गाजियाबाद, डॉ.केएन मोदी ग्लोबल स्कूल ने ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल संजय नगर,गाजियाबाद और डीडीपीएस गोविंदपुरम ने सिटी कॉन्वेंट स्कूल खटीमा,उत्तराखंड के खिलाफ खेला।अंडर 17 वर्ग में विद्या गांधी पब्लिक स्कूल, सिकंदराबाद बनाम मयूर पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा, डीपीएस रूड़की बनाम बाल भारती पब्लिक स्कूल, बृजविहार गाजियाबाद,न्यू एरा पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद बनाम एस्टर पब्लिक स्कूल, दादरी,एसजीएन रुद्रपुर बनाम तक्षशिला जैसे मैच शामिल थे। पब्लिक स्कूल, कंकरखेड़ा मेरठ, जी.आर ग्लोबल एकेडमी, दादरी बनाम एम.एस हेरिटेज स्कूल, मेरठ, दर्शन एकेडमी, मेरठ बनाम गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, हलद्वानी। अंडर 19 वर्ग में मैचों का सेट इस प्रकार था। आर.पी. पब्लिक स्कूल, बिजनौर बनाम राधा मोहन पब्लिक स्कूल, बरेली, रमन सोहरेवाला पब्लिक स्कूल, मथुरा बनाम एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, हलद्वानी, होली पब्लिक स्कूल, आगरा बनाम मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल, सहारनपुर, बी.एम.एल पब्लिक स्कूल, हरिद्वार बनाम निर्मल आशाराम पब्लिक स्कूल, ऋषिकेश, ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, गोविंदपुरम बनाम हिमालय प्रोग्रेसिव, उत्तराखंड, वृंदावन पब्लिक स्कूल, मथुरा बनाम शिवालिक कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, आगरा, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, शाहजहाँपुर बनाम के.सी.एम पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद के साथ खेला। प्रतियोगिता के मैच रात्रि में भी जारी रहेंगे।

देशी शराब ठेके के 14 पेटियों साथ सेल्समैन गिरफ्तार।

जखा देशी शराब ठेके के सेल्स मैन ने 22 शराब पेटी पार कर दिखाई चोरी

संस्कार उजाला

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थानां के जखा देशी शराब ठेके के सेल्समैन ने खुद देशी शराब की 22पेटियां चोरी करली। और ठेके मालिक को चोरी की सूचना दी थी।मालिक द्वारा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत था आज पुलिस ने सेल्समैन को पेटियों व तमंचा संग गिरफ्तार किया। बता दे कि देशी शराब ठीक जखा के सेल्समैन उम्मेद सिंह उर्फ भूरे पाल उम्र 28 वर्ष जो देशी शराब ठेके में खुद सेल्समैन था। जिसने 24 सितम्बर को ठेके से 22 अदद देशी शराब की पेटया चोरी कर ले गया था। और अपने मालिक शैलेन्द्र ग्राम गढर कोतवाली उरई को 22 पेटी शराब चोरी की सूचना दे दी थी। तभी 24 सितंबर को रात में ही ठेके मालिक शैलेन्द्र ने थानां आकर अज्ञात में 22 पेटियों की चोरी दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस ने खोज बीन चालू कर दी तभी 25 सितंबर को मुखविर ने थानां इंस्पेक्टर ब्रजेश बहादुर सिंह को सूचना दी कि अभियुक्त जरगाव के पास है तभी इंस्पेक्टर द्वारा मै हमराहियों के साथ पहुचे तो खोडन चौराहे से 1 किलोमीटर दूर जरगाव के पास सेल्समैन उम्मेद सिंह को पेटियों संग पुलिस ने गिरफ्तार किया 22 में 14 पेटी बरामद हुई साथ मे देशी तमंचा जिंदा कारतूस बरामद किया इंस्पेक्टर ब्रजेश बहादुर सिंह का कहना है कि सेल्समैन के पास से 14 पेटी बरामद हुई बकाया उसनेने बताया है कि 8 पेटी बेंच ली जिसके खिलाफ ठेके से सरकारी शराब चोरी व आर्म्स एक्ट में कार्यवाही हुई।

वन रेंज न्यामतपुर में सफाई की रेंजर ने।

संस्कार उजाला

कुठौंद जालौन,वन रेंज न्यामतपुर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चला स्वच्छता अभियान रेंजर और जिला पंचायत प्रतिनिधि ने चलाया स्वच्छता अभियान। बता दे कि न्यामतपुर वन रेंज में आज स्वछता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत आज गुरुवार को वन रेंजर जितेंद्र सिंह ओर जिला पंचायत प्रतिनिधि सुदामा चौहान ने स्टाफ साथ परिसर को स्वच्छ व साफ किया साथ मे क्षेत्र के लोगो को संकेत दिया कि जहाँ कही हमे गंदगी दिखाई दे वहाँ हम स्वच्छ रखे और शपथ ले कि हम आम जगह सरकारी जगह गाँव मुहल्ला कही भी को गंदा नही करेंगे। कूड़े को कूड़े डालने की जगह पर ही कूड़ा डालेंगे। हम समलेंगे तभी सभी जागरूक होंगे तभी हमारा देश तरक्की करेगा और स्वच्छता ही सेवा क्रायक्रम सफल होगा। इसमे सहयोग में रेंजर जीतेन्द्र कुमार काशी प्रसाद वन दरोगा पुनीत सिंह बीट प्रभारी शिवम शर्मा वन रक्षक रहे

तालाब में डूबकर गाय की मौत प्रधान है मौन तो फिर सुनेगा कौन

संस्कार उजाला
न्यूज अलीगढ़ अलीगढ़ जनपद दादों क्षेत्र के गांव लहरा सलेमपुर में सार्वजनिक तालाब पोखर जिसको साफ सफाई के नाम पर₹300000 लगभग आया था लेकिन ग्राम प्रधान मिलकर सब हजम कर गए इस बात की आज तक जांच भी नहीं की गई जबकि लोगों ने कई बार आवाज उठाई तालाब नक्शा और कागजों के आधार की माने तो लगभग 10 बीघा में है लेकिन तालाब पर भी लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है और अभी सिर्फ दो बीघा ही है पहले भी कई जानवर तालाब में डूब चुके हैं आज फिर एक शर्मसार घटना दिल को जग जोड़ देने वाली जिसको हिंदू धर्म में गौ माता मानते हैं जो बोल नहीं सकते बेचारे पशु सुन नहीं सकते पोखर में डूबने से मौत के घाट उतार गई और ग्राम प्रधान ने अपने सहयोगियों की मदद से दफना दिया किसान कामगार मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया वेवस की आवाज हम बनेंगे उक्त गौ माता की जांच कर कार्रवाई की जाए और तालाब पर अवैध कब्जे हटाए जाएं तालाब पर निकाली गई धनराशि की भी जांच की जाए और लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए मेंन रोड के सहारे तालाब है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है कई बार वाहन भी पलटने से बचे हैं प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है यदि तालाब की समय रहते हुए साफ सफाई नहीं हुई तो जन आंदोलन करेंगे और और उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भी देंगे

आईएमए की मासिक बैठक आयोजित

वरिष्ठ चिकित्सको ने साझा किए एक दूसरे के सामने अपने अनुभव.

संस्कार उजाला ब्यूरो
सहारनपुर आई.एम.ए की मासिक गोष्ठी का आयोजन जीपीओ रोड स्थित होटल के सभागार मे हुआ जिसमे मैक्स हास्पिटल साकेत नई दिल्ली से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव कुमार अग्रवाल ने हार्ट फैलियर के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर राजीव ने बताया कि, डायबिटीज, हार्ट अटैक के रोगियो मे हार्ट फैलियर की सम्भावना काफी बढ जाती है। हार्ट फैलियर के मरीज अफ्ठक बीटा बलोकर, दवाई से काफी हद तक ठीक हो जाते है। जो मरीज दवाई द्वारा ठीक नही होते उन्हे सर्जरी द्वारा ठीक किया जाता है। आई.एम.ए के अध्यक्ष डॉक्टर कलीम अहमद ने कहा कि नियमित रूप से व्यायाम करने से तथा शराब तथा धुम्रपान का सेवन ना करने से काफी हद तक हार्ट अटैक से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉक्टर संजीव मित्तल ने किया। इस मौके पर संस्था के सचिव डॉक्टर सौम्या जैन, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, डॉक्टर राजकुमार शर्मा, डॉक्टर नरेश नौसरान, डॉक्टर मोहन सिंह, डॉक्टर मोहन पाण्डेय, डॉक्टर रजनीश दहूजा, डॉक्टर मंदीप सिंह, डॉक्टर रविकांत निरंकारी, डॉक्टर, महेश चन्द्रा, डॉक्टर पंकज खन्ना, डॉक्टर महेश ग्रोवर, डॉक्टर संजय यादव, डॉक्टर कर्मवीर सिंह, डॉक्टर विकास अग्रवाल, डॉक्टर रिक्की चौधरी, डॉक्टर सी एस चोपडा, डॉक्टर सुनील शर्मा, डॉक्टर शशिकांत सैनी, डॉक्टर राहुल सिंह, डॉक्टर पूनम मखीजा, डॉक्टर विनिता मल्होत्रा, डॉक्टर सुभाष सहगल आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

संक्षिप्त डायरी

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की गयी विभिन्न गतिविधियां

संस्कार उजाला ब्यूरो
सहारनपुर। जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छता मिशन ग्रामीण मनीष बंसल के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वारा अंतर विभागीय सहयोग से जनपद स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से अनेक विद्यालयों में निबंध लेखन चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। जल जीवन मिशन के सहयोग से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर जाकर स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। पंचायत राज विभाग द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित गंदगी वाले स्थान पर विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ किया गया। जिसमें समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं सफाई कार्मिगणों का योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रों पर सफाई मित्र कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए आंगनबाड़ी केद्रों पर आ रहे लाभार्थी परिवारों के परिजनों से संवाद करके स्वच्छता के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया। समस्त कार्यक्रमों के साथ–साथ प्रत्येक स्थान पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला विद्यालय निरीक्षक हर्ष देव स्वामी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल प्रसाद, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण योगेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

संस्कार उजाला, ब्यूरो
सहारनपुर जिलाधिकारी मनीष बंसल के निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नमामि गंगे कार्यक्रम सामाजिक वानिकी वन विभाग सहारनपुर एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायत राज विभाग सहारनपुर के संयुक्त तत्वावधान में मनाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से किसान सेवा इंटर कॉलेज ननौता ग्रीन फील्ड अकादमी ननौता, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज देवला समेत अनेकों कॉलेज ने प्रतिभाग किया। स्वच्छता एवं जल सुरक्षा की चित्रकला प्रतियोगिता में सैकड़ो छात्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य किसान सेवा इंटर कॉलेज ननौता डॉक्टर प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य ग्रीन फील्ड एकेडमी ननौता डॉक्टर कुमुद पुंडीर, राजकीय इंटर कॉलेज देवला से गरिमा सिंह इत्यादि का उल्लेखनीय सहयोग रहा। जनपद स्तर पर कार्यक्रमों का संयोजन देव भास्कर पांडे जिला स्वच्छता सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा किया गया।

रामपाल गुप्ता पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद सरसावा को बनाया प्रतिनिधि

संस्कार उजाला
सहारनपुर
सरसावा रामपाल गुप्ता (पूर्व सभासद)नगर पालिका परिषद सरसावा को माननीय श्री संजय गर्ग पूर्व मंत्री एवं विधायक द्वारा अपना प्रतिनिधि बनाया गया सरसावा वैश्य समाज की ओर से मंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा के प्रधान विजय अग्रवाल, संरक्षक महावीर गुप्ता, महामंत्री दिनेश गुप्ता, एवं अमित अग्रवाल मंत्री वैश्य अग्रवाल समन्वय समिति सरसावा मौजूद रहे ''

संक्षिप्त डायरी

हरि ग्रुप ने मनाया 22 वां स्थापना दिवस

संस्कार उजाला
सहारनपुर नकुड
नकुड़–सहारनपुर मार्ग स्थित हरि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, का 22 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में सामूहिक यज्ञ किया गया जिसमें सभी स्टॉफ सदस्यगण, विद्यार्थीगण शामिल हुए। यज्ञ उपरान्त आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षण संस्थान की स्थापना करना एक साहसिक व सराहनीय कदम है। उन्होंने छात्र/छात्राओं से चरित्रवान, बलवान, विद्यावान बनने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से ब्रह्मचर्य का पालन करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात प्राप्त ज्ञान को जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान संस्थापक चौधरी हरिपाल सिंह जी ने शॉल भेंट कर आचार्य जी को सम्मानित किया। संस्थान चेयरमैन व ब्लॉक प्रमुख नकुड़ डॉ0 सुभाष चौधरी ने कहा कि 22 वर्ष पूर्व इस संस्थान की स्थापना हमारे क्षेत्र से अशिक्षा के अंधकार को मिटाने के लिए की गयी थी, उस समय क्षेत्र में एक भी उच्च शिक्षण संस्थान नहीं था। हमारी बेटियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती थी, लेकिन आज यह पौधा जो 22 वर्ष पूर्व रोपित किया गया था, विशाल वृक्ष बन चुका है। और शिक्षित व कामयाब बेटे–बेटियों के रूप में फल दे रहा है। संस्थान निदेशक एडवोकेट मयंक चौधरी ने कहा कि संस्थापक महोदय व चेयरमैन सर का विचार, मेहनत और प्रयास ही थे जो आज यह संस्थान 22 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर इस मुकाम तक पहुंचा है। संस्थान जिन मूल्यों व सिद्धान्तों के साथ स्थापित किया गया था, वें आज भी कायम हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर और अधिक मेहनत करेंगें और संस्थान को निरंतर प्रगति पथ पर लेकर चलेंगें। संस्थान प्राचार्य डा0 एन0पी0 राठौर ने सभी को संस्थान के 22 वें स्थापना दिवस की बधाई दी और संस्थान के इतिहास व प्रगति यात्रा को संक्षेप में बताया, उन्होंने बताया कि अपनी व्यवस्थाओं पर अटल यह संस्थान किस प्रकार अन्य संस्थानों से अलग है और क्यों किसी भी छात्र–छात्रा को इस संस्थान का चुनाव करना चाहिए। इस अवसर पर नालंदा वर्ल्ड स्कूल के निदेशक मुकुल चौधरी ने भी सभी को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्षगण, सहायक आचार्यगण, कर्मचारीगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

25 सितम्बर से शुरू हुई तीन दिवसीय तहसील स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता का विभिन्न प्रतियोगिताओं के बीच समापन हुआ।

संस्कार उजाला
छुटमलपुर सहारनपुर
ए.एच.पी. इंटर कॉलेज छुटमलपुर के क्रीड़ा स्थल पर प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक राजकुमार पुण्डी एवं प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने सभी विजयी प्रतियोगियों को मेडल पहनाकर पुरूस्कृत किया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों से आये खेल प्रशिक्षकों को भी कॉलेज प्रबन्धन से स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक राजकुमार पुण्डीर ने सभी विजयी प्रतिभागयों को उनकी इस विशेष उपलब्धी पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और साथ ही जीवन में खेल के महत्व को मद्देनजर रखते हुए खेलों के प्रति लगाव को बनाये रखने का आहवान किया।प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने इस आयोजन में सम्मिलित हुए सभी प्रतिभागियों एवं खेल प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विजयी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रशिक्षक मुकेश राही के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से खेल प्रशिक्षक रजनीश कुमार, शक्ति सिंह, ब्रहम पाल सैनी, पप्पन कुमार, घनश्याम राणा, सुरेन्द्र सिंह आदि का सहयोग रहा। आज की मुख्य प्रतियोगिताओं में 300 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में निशांत सैनी, अर्जुन, विक्रांत, 5000 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में सोएब, आर्यन, सावन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं त्रिकूद में अर्पित, विष्णु एवं अर्पित कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में विजय, प्रियांश एवं सक्षम ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ नरेश नौसरान बने प्रेसीडेंट, डॉ महेश चन्द्रा सचिव एवम डॉ विकास अग्रवाल चुने गए कोषाध्यक्ष

आईएमए का वार्षिक चुनाव संपन्न

संस्कार उजाला ब्यूरो
सहारनपुर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के सालाना चुनाव में डॉक्टर नरेश नौसरान को अध्यक्ष, डॉक्टर महेश चंद्रा को सचिव एवम डॉक्टर विकास अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। संस्था की ओर से वर्ष 2026 के लिए डॉक्टर प्रवीण शर्मा को प्रेसिडेंट इलेक्ट नियुक्त किया गया है।वर्तमान आईएमए अध्यक्ष डॉ कलीम अहमद और सचिव डॉ सौम्य जैन के दिशा निर्देश में वर्ष 2024–25 का वार्षिक चुनाव रेलवे रोड स्थित एक सभागार में संपन्न हुआ।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा और डॉक्टर आर एस पंवार ने चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए चुने हुए पदाधिकारियो का परिचय सबको दिया। चुनाव में आईएमए के जुड़े हुए अधिकांश चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया जिसमे वर्ष 2025 के लिए डॉक्टर पूनम मखीजा, डॉक्टर स्वर्णजीत सिंह एवं डॉक्टर संजीव मित्तल को वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। बिल्डिंग कमेटी का अध्यक्ष डॉ अजय सिंह महापौर सहारनपुर और बिल्डिंग कोषाध्यक्ष डॉ डी के गुप्ता को बनाया गया है।आईएमए केंद्रीय काउंसिल का सदस्य डॉ मोहन पांडे, डॉ मोहन सिंह और डॉ सी एम कमाल एवं आईएमए राज्य काउंसिल का सदस्य डॉ कर्मवीर सिंह,डॉ मनदीप सिंह डॉ वी के भार्गव, डॉ संजय यादव, डॉ अनुपम मलिक,डॉ रजनीश सिंघल को नियुक्त किया गया । विज्ञान सचिव डाक्टर रजनीश दहूजा,सामाजिक सचिव डॉ विनीता मल्होत्रा, सांस्कृतिक सचिव डॉक्टर नीतू जैन और खेल सचिव डॉ रवि ठक्कर को बनाया गया। मेडिकोन कन्वीनर डॉक्ट 'सौम्य जैन,और मेम्बरशिप कन्वीनर डॉ संजय कपिल चुने गए।आईएमए के संपादक डॉ रविकांत निरंकारी और ऑडिटर डॉक्टर सुभाष सहगल एवम डॉक्टर राहुल सिंह रहंगे।

खून से तिलक कर भगतसिंह प्रतिमा को गुलाल व लेजर आतिशबाजी के साथ वन्देमातरम मिशन ने मनाया भगत सिंह जी का दिवस

117 दीपक जलाकर लिया गौहत्या मुक्त नशा अपराध भ्श्चार्चार आतंकवाद जातिवाद मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण का संकल्प

संस्कार उजाला
सहारनपुर छुटमलपुर
शहीदे आजम सरदार भगत सिंह जी के 117वे जन्म दिवस दिवस के उपलक्ष में शेरे हिन्द विजयकान्त चौहान भगत सिंह जुनियर संस्थाप्पक वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के जोशीले जोश और जुनून से भरे नेतृत्व व संचालन में आज क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह जी का जन्म दिवस मनकामेश्वर महादेव मंदिर छुटमलपर में बड़ी धूम धाम से मनाया गया इस अवसर सेकड़ो युवाओ ने स्वयं की प्रेरणा से भगतसिंह जी की प्रतिमा को खून से तिलक कर गौहत्या मुक्त नशा अपराध जातिवाद भ्श्चार्चार आतंकवाद मुक्त सम्रद्ध शक्तिशाली अखण्ड भारत निर्माण का संकल्प लिया, कार्यक्रम का उद्घाटन आशु मोंगिया राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय गौरक्षा सेना दिल्ली द्वारा रिबन काटकर शंख के उद्घोष के साथ किया गया योगी जयनाथ संस्थापक अखिल भारतीय जनजागरण सेना ,महामंडलेश्वर डॉक्टर संजीव महाराज नई दिल्ली महामंडलेश्वर अनिल कृष्ण कौदण्ड महाराज सहारनपुर, महामंडलेश्वर धिरजानन्द महाराज ,ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट राष्ट्रीय सयोजक अखिल भारतीय जनजागरण सेना, राकेश उत्तराखंडी प्रदेश अध्यक्ष रुद्र सेना हिमाचल उत्तराखंड ,स्वामी मंगलानंद महाराज द्वारा त्याग और क्रांति की प्रतीक मशाल जलाकर क्रांतिवीर भगत सिंह जी को नमन वन्दन अभिनंदन किया इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने विचार रखें, इस दौरान 51 को गौ रक्षक वीरों पत्रकार बंधुओ समाज सेवियो अतिथियों, संतो द्वारा पकड़ी पटका शाल पहनाकर सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया इस अवसर पर सभी गौरक्षक वीर युवाओं द्वारा भगतसिंह जी के 117वे जन्म दिवस पर 117 दीपक जलाकर केक काटकर देशभक्ति की मस्ती में मस्त होकर हस्ते खेलते गुलाल गन ओर लेजर आतिशबाजी के साथ नाचते गाते झूमते हुए इंकलाब जिंदाबाद भारत माता की जय वन्देमातरम भगतसिंह अमर रहे के जयघोष के साथ भगतसिंह जी के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया विजयकान्त चौहान ने कहा सभी युवाओं को नशे के विरुद्ध आवाज बुलंद कर नशा अपराध जातिवाद भृष्टचार आतंकवाद गौहत्या मुक्त अखण्ड भारत बनाकर क्रांतिवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि देनी चाहिए इस, अवसर पर पूर्व विधायक नरेश सैनी भाजपा नगर प्रभारी मंजू शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपेंद्र सैनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया इस दौरान कार्यक्रम सयोगी गौरक्षा दल छुटमलपर टीम के प्रमुख सोना पण्डित दुष्यंत सैनी ,अश्वनी सैनी अंकुर सैनी,आलोक सैनी ,विशाल बाल्मीकि अंकित कुमार,हर्ष तोमर ,दीक्षांत चौहान, प्रियांशु चौहान ,आकाश धीमान,अवनीश सैनी, अनमोल सैनी, तुषार सैनी, अनुज जैन, आदित्य शर्मा,मुनीश सिंह सुरेंद्र सैनी गगन वर्मा सन्दीप कुमार ,आदि गौरक्षक युवाओ के द्वारा कार्यक्रम

धौलाना पुलिस ने क्षेत्र में चोरी हुई मोटरसाइकिल सहित दो शातिर किस्म के चोरों को किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला
हापुड/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर जनपद में चलाए जा रहे। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान धौलाना पुलिस ने दो शातिर किस्म के दो वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा जनपद में अपराधिक घटनाओं में संलिप्त एवं वांछित चल रहे। अपराधियों पर कमर तोड़ कार्यवाही करने को लेकर अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत धौलाना पुलिस ने मु०अ०स०233/24/धारा 303 (2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए। दो शातिर किस्म के वाहन चोर अभिषेक पुत्र मुकेश निवासी उदय रामपुर नगला थाना धौलाना, आशीष पुत्र राजू निवासी ग्राम पुति थाना वेब सिटी गाजियाबाद, को क्षेत्र से चोरी की गई। स्प्लेंडर मोटर साइकिल UP37K9992 एवं दो नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

आरएसके इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान2024के तहत माध्यमिक शिक्षा विद्यालय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

संस्कार उजाला
गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में हिम्मतपुर रोड पर स्थित शिक्षा के मंदिर के रूप में अग्रणीय आर एस के इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान 2024 के तहत 27 सितंबर को माध्यमिक शिक्षा विद्यालय स्तर की विज्ञान गणित प्रदर्शनी का छात्र–छात्राओं में गणित विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्वाभाविक चेतना विकसित करने के अभिप्राय से प्रवक्ता सोम प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में विज्ञान शिक्षक धनंजय कुमार पाठक,अजीत कुमार, दिनेश चंद, दीपक कुमार शर्मा,अभिदेश त्यागी, कुशल कुमार, श्रीमती शिल्पी एवं गणित शिक्षक मनोज कुमार,हरेंद्र कुमार वसीम अहमद, कुलदीप कुमार आदि के नेतृत्व में सीनियर एवं जूनियर छात्र–छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिंग जैव विविधता हरित ऊर्जा सूचना संचार तथा गणित भौतिक विज्ञान और खेल प्रदर्शनी एवं क्रियाशील मॉडल प्रस्तुत कर आयोजित प्रदर्शनी का सरोकार किया गया। जिसका प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव कुमार गोहित व उप प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट राकेश कुमार तथा प्रवक्ता अजय कुमार के द्वारा गहनता से अवलोकन किया गया।

थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला
सहारनपुर /छुटमलपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में वांछित वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तार हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकार सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी आकाश उर्फ अशोक पुत्र मोहन सिंह निवासी हरनाम सिंह नगर कस्बा छुटमलपुर को एसटी न0434/21 मु0आ0स0135/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, को समय 9 .30 बजे मस्कन से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार वारंटी को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते बताया कि किसी भी किस्म के अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा अगर अपराध करता पाया गया तो सीधे जेल की हवा खिलाई जाएगी गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल उप निरिक्षक सौरभ यादव हेड कांस्टेबल 961 रोहित राणा शामिल रहे

हजारों साथियों के साथ अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा निकाला गया आक्रोश पैदल मार्च।

एन.पी.एस/यू.पी.एस. के विरोध में निकाला गया आक्रोश पैदल मार्च

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छब्बिस सितम्बर 2024 को एन पी एस/यू पी एस के विरोध एवं पुरानी पेंशन की बहाली के लिए अटेवा/एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जनपदों के साथ अटेवा,पेंशन बचाओ मंच सीतापुर द्वारा जनपद मुख्यालय पर पेंशन आक्रोश पैदल मार्च निकाला गया।हजारों हजारों की संख्या में राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान से प्रारंभ होकर राजकीय इण्टर कॉलेज चौराहा कोतवाली, लालबाग चौराहा,आंख अस्पताल, तरणताल होते हुए पुनः राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान पर समाप्त हुआ। इस पेंशन आक्रोश मार्च में जनपद के सभी विभागों के संगठनों के अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। एन पी एस/ यू पी एस के विरोध में आक्रोश मार्च को सभी संगठनों का समर्थन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। जिला संयोजक अवनीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना हमारे शिक्षकों सुरक्षा कर्मियों,कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ छलावा है,तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन योजना (वढर) तो और बड़ा धोखा है,जिस कारण हमारे शिक्षक कर्मचारी अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी इसका विरोध करते हैं और केन्द्र और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि हमें हूबहू पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। जिला उपाध्यक्ष आर.के. अहिरवार ने कहा है कि देश की सेना,अर्ध सैनिक बल, पुलिस विभाग एवं समस्त विभाग के कर्मचारी देश की सेवा में अपनी जान तक न्योछावर कर देते हैं, लेकिन सरकार उनके व उनके परिवार के लिए पेंशन देने को तैयार नहीं इससे बड़ी और विडंबना क्या हो सकती है। जिला कैडर प्रमुख अटेवा डॉ. संघप्रिय गौतम नेबताया कि

जो अधिकारी/ शिक्षक कर्मचारी अपने पूरे सक्षम जीवन में देश की सेवा करता है और रिटायरमेंट के बाद केवल ओ पी एस से ही सम्मान और स्वाभिमान के साथ जी सकता है।जिला महामंत्री एस.पी.सिंह ने कहा यू पी एस में देश की सेवा करने वाले जवान एवं देर से सरकारी सेवा में आने वाले कर्मचारी एवं शिक्षक जिनकी सेवा पच्चिस वर्ष की नहीं है उनको केवल दस हजार रुपए ही पेंशन मिलेगी। जिला सहमहामंत्री विकास सैनी ने कहा यू पी एस में जो अंश कर्मचारियों का कटेगा उसको वापस नहीं किया जायेगा,जिला आई टी सेल प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि भारत में एन पी एस/ यू पी एस की कैल कुलेशन को कर्मचारियों को समझाया कि कैसे देश की सरकार और पूँजीपति मिलकर कर्मचारियों को वेबकूफ बना रहें हैं,पंचायती राज विभाग के जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव ने कहा कि ओ पी एस ही कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है बाकी सभी पेंशन स्कीम से पूंजीपतियों को फायदा होता है। जिला संयोजिका पूजा सक्सेना ने कहा अब तो सरकार ने भी स्वीकार कर लिया है कि एन पी एस अच्छी नहीं है इसलिए यू पी एस लेकर आयी है वहीं जिला कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने इस आक्रोश मार्च में अनुशासन के साथ समस्त पेंशन विहीन शिक्षक और कर्मचारियों से अपने हक के लिए आवाज बुलंद करने हेतु प्रेरित किया।नर्सेस संघ की जिला अध्यक्ष शशिलता वर्मा ने कहा कि जब देश कोविड जैसी महामारी से जूझ रहा था,कोई घर से बाहर निकलने को तैयार नहीं था तब हम लोग ही इस देश की सेवा कर रहे थे तो फिर हम कर्मचारी ओ पी एस से वंचित क्यों। इस पेंशन आक्रोश पैदल मार्च के बाद प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय जिला अधिकारी ने यह आश्वासन दिया कि वे इस ज्ञापन को शीघ्र ही भेज देंगे। इस पेंशन आक्रोश पैदल मार्च में सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए और ओ पी एस बहाली हेतु बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस आक्रोश मार्च में समस्त विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों ने सहयोग समर्थन के साथ ही इसे सफल बनाने के लिए एकता का परिचय भी दिया। इस आयोजन में संयोजक अवनीश कुमार जिला प्रवक्ता पुष्पेन्द्र मौर्य,अंजनी कुमार शुक्ल,जय प्रकाश जिला प्रचार मंत्री महेंद्र सिंह दीपक वर्मा,जिला सह संयोजक विनय हंस अरविन्द कुमार यादव,श्री कृष्ण,दिलहुसैन,वैद्यनाथ, सतेंद्र गुप्ता,नितेश वर्मा, सत्यार्थ,पूर्णेंद्र कुमार,जिला सुशील कुमार,जिलामीडिया प्रभारी रईसअहमद फारूक अंसारी,सुशील पाण्डेय संजय कुमार,जिला प्रिंट मीडिया प्रभारी रामसूरत गुप्त,संगठन मंत्री छोटे लाल,अनिल सिंह,राम धीरज यादव,आशीष सिंह, अनिल आजाद,प्रवेशचौधरी ओमकार राठौर,शिवाजी वर्मा,जिला आई टी सेल प्रभारी मनोज वर्मा,सुनील कुमार भारत,जिला सलाह कार,डॉ सुनील कुमार, विजय श्रीवास्तव,सुधीर कश्यप,ब्लॉक पदाधिकारी नीरज तिवारी रमाकांत वर्मा हरिविजय गौतम,पवन मित्तल अपूर्व वर्मा,दीपक सहाय,प्रताप भान सिंह, भवर सिंह,पीयूष कुमार, जयप्रकाश प्रांशु भारती, विनय सिंह,संदीप कुमार, कृपा शंकर पंकजश्रीवास्तव सुभाष रावत,सुनील कुमार भारत,विवेक विश्वकर्मा,राज कमल कन्नौजिया,नीरज कुमार,संदीप कुमार,नीरज तिवारी,राजकिशोर,महेंद्र सिंह वर्मा,ब्रजेन्द्र कुमार वर्मा राममूर्ति वर्मा,संजय सिंह, अर्जुन सिंह,विमल कुमार, एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी व सभी ब्लॉक संयोजक एवं सदस्यों ने भाग लिया।आयी है वहीं जिला कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने इस आक्रोश मार्च में अनुशासन के साथ समस्त पेंशन विहीन शिक्षक और कर्मचारियों से अपने हक के लिए आवाज बुलंद करने हेतु प्रेरित किया।नर्सेस संघ की जिला अध्यक्ष शशिलता वर्मा ने कहा कि जब देश कोविड जैसी महामारी से जूझ रहा था,कोई घर से बाहर निकलने को तैयार नहीं था तब हम लोग ही इस देश की सेवा कर रहे थे तो फिर हम कर्मचारी ओ पी एस से वंचित क्यों। इस पेंशन आक्रोश पैदल मार्च के बाद प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय जिला अधिकारी ने यह आश्वासन दिया कि वे इस ज्ञापन को शीघ्र ही भेज देंगे। इस पेंशन आक्रोश पैदल मार्च में सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए और ओ पी एस बहाली हेतु बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस आक्रोश मार्च में समस्त विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों ने सहयोग समर्थन के साथ ही इसे सफल बनाने के लिए एकता का परिचय भी दिया। इस आयोजन में संयोजक अवनीश कुमार जिला प्रवक्ता पुष्पेन्द्र मौर्य,अंजनी कुमार शुक्ल,जय प्रकाश जिला प्रचार मंत्री महेंद्र सिंह दीपक वर्मा,जिला सह संयोजक विनय हंस अरविन्द कुमार यादव,श्री कृष्ण,दिलहुसैन,वैद्यनाथ, सतेंद्र गुप्ता,नितेश वर्मा, सत्यार्थ,पूर्णेंद्र कुमार,जिला सुशील कुमार,जिलामीडिया प्रभारी रईसअहमद फारूक अंसारी,सुशील पाण्डेय संजय कुमार,जिला प्रिंट मीडिया प्रभारी रामसूरत गुप्त,संगठन मंत्री छोटे लाल,अनिल सिंह,राम धीरज यादव,आशीष सिंह, अनिल आजाद,प्रवेशचौधरी ओमकार राठौर,शिवाजी वर्मा,जिला आई टी सेल प्रभारी मनोज वर्मा,सुनील कुमार भारत,जिला सलाह कार,डॉ सुनील कुमार, विजय श्रीवास्तव,सुधीर कश्यप,ब्लॉक पदाधिकारी नीरज तिवारी रमाकांत वर्मा हरिविजय गौतम,पवन मित्तल अपूर्व वर्मा,दीपक सहाय,प्रताप भान सिंह, भवर सिंह,पीयूष कुमार, जयप्रकाश प्रांशु भारती, विनय सिंह,संदीप कुमार, कृपा शंकर पंकजश्रीवास्तव सुभाष रावत,सुनील कुमार भारत,विवेक विश्वकर्मा,राज कमल कन्नौजिया,नीरज कुमार,संदीप कुमार,नीरज तिवारी,राजकिशोर,महेंद्र सिंह वर्मा,ब्रजेन्द्र कुमार वर्मा राममूर्ति वर्मा,संजय सिंह, अर्जुन सिंह,विमल कुमार, एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी व सभी ब्लॉक संयोजक एवं सदस्यों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत उद्यान विभाग में आयोजित हुआ कृषि निवेश मेला

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच । राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत (उद्यान घटक) कृषि निवेश मेला/प्रशिक्षण का कार्यक्रम जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी रहें। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि का उपस्थित प्रगतिशील किसानों द्वारा माल्यापर्ण एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी द्वारा कार्यक्रम में पधारें सभी कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उन्होनें बताया कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार कृषकों की आय दुगनी करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूक्ष्म लघु उद्योग की योजना चल रही है। इच्छुक किसान भाई जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर इसका अधिक से अधिक लाभ उठायें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री

त्रिपाठी ने कहा कि आज बहराइच का केला जनपद व प्रदेश ही नही पूरे देश में छाया हुआ है व पूरे देश में इसकी बड़ी मॉग है। वर्तमान में जनपद का केला प्रदेश के अतिरिक्त दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड, हिंमाचल प्रदेश, जम्बू-कश्मीर व राजस्थान आदि के व्यापारी स्वयं आकर किसान के खेत से केला खरीदते हैं जो कि जनपद के इतिहास में बड़ी उपलब्धि है। साथ ही मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में किसान भाईयों से कहा कि अधिक से अधिक सब्जियों की खेती करें, जिससे आपके आय में वृद्धि होगी एवं स्वयं भी स्वस्थ्य रहकर एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में सहयोग करेंगें। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा स्वयं भी हरी सब्जियों की खेती कराई जाती है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि हर खेत को पानी पहुँचे जिसके लिए भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना संचालित है। जिसमें लघु सीमान्त कृषक को इकाई लागत का 90 प्रतिशत व अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान देय है। जनपद के कृषकों को बीज वितरित करने वाली कम्पनियॉ ट्रेपिको सीड्स, हेमटेक एग्रीटेक, बापना सीड्स, कलस सीड्स कम्पनियों के प्रतिनिधि कम्पनी के शाकभाजी बीज सहित उपस्थित रहे। कृषकों ने अपनी अभिरूचि के अनुसार उपरोक्त कम्पनियों के शाकभाजी बीजों को प्राप्त किया। इस अवसर पर वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच डॉ नन्दन सिंह ने शाकभाजी फसलों व डॉ0 अरूण राजभर ने मसाला फसलों के उत्पादन एवं रोग व्याधि के रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने सहफसली शाकभाजी एवं मसाला की खेती के सम्बन्ध में उपस्थित किसानों को विस्तार से जानकारी दी। राम प्रवेश मौर्य ने खरीफ प्याज उत्पादन के सम्बन्ध में किसानों को विस्तार से जानकारी देने के साथ ही अपने अनुभव साझा किया गया।

शहजादे फातेह अजमेर का मकनपुर शरीफ में हुआ इस्तकबाल

उर्स ए मदारी हुजूर फातेह अजमेर के सफल आयोजन के बाद महबूब ए हरसे ख्वाजगान सय्यद अनस अजीम जाफरी मदारी ने

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर

कानपुर (मकनपुर) सज्जादानशीन आस्ताने आलिया मरगूबिया मदारिया परतापुर शरीफ बरेली हम शबीह ए हुजूर फातेह अजमेर र.अ पीरे तरीकत हजरत सय्यद ज़िलले महमूद जाफरी हसनी हुसैनी मदारी का मकनपुर शरीफ में जोरदार इस्तकबाल किया आपने अपने जद्द की दरगाह सरकार सय्यदना अहमद बदीउद्दीन कुतबुल मदार मदारुल आलमीन रजी अल्लाहो अन्हों में हाज़िरी दे कर देश में अमन-चैन की दुआ की और बच्चों की तालीम और तरबियत के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही नौजवानों को अपने बुजुर्गों की नक्शे कदम पर चलने की तरगीब दी आपने बताया 3वां



उर्स ए मदारी उर्स ए फातेह अजमेर उसी शानो शौकत के साथ परतापुर शरीफ में 2025 रबीउल अव्वल में मनाया जाएगा जिसमें शहजादे कुतबल मदार सय्यद इमरान आलम जाफरी सय्यद शीराज आलम काजी सय्यद अस्बात अली जाफरी सय्यद आरिश जाफरी व सय्यद जैनुल आब्दीन जाफरी आदि मौजूद रहे

टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के पदाधिकारियों ने मनाई दिव्य दृष्टि संजय, की जयन्ती

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल(आर एस एस डी) के पदाधिकारियों के द्वारा जिला मुख्यालय पर जन सूचना केन्द्र के निकट टोडरमल पार्क में संजय की जयंती मनाई गई। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के राष्ट्रीयसंस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी ने राहगीरों को फल वितरण किया। संस्थापक अध्यक्ष ने कहा महाभारत के दिव्य दृष्टि संजय का जन्म पांच हजार वर्ष पहले हुआ था,उनकी जयंती के अवसर पर टोडर मल पार्क में अनेकों संजय नाम के व्यक्तियों की उपस्थिति में समय पांच बजे संजय दिवस मनाया गया। जयंती के अवसर पर संजय गुप्त,संजय शुक्ला, संजय मिश्रा,संजय दीक्षित, संजय राठौर राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल जिलाध्यक्ष शिवनाथ मिश्र,भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष /जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव,एड० अरुण कुमार राज,सुरेन्द्र कुमार,सूरज चौधरी,सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

क्षयरोग मुक्त हुई दस ग्राम पंचायतों के प्रधानों को जिला अधिकारी करेंगे सम्मानित।

गांधी जयंती (दो अक्टूबर) को जिलाधिकारी देंगे स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। बधाई हो, जिले की दस ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा आगामी गांधी जयंती (दो अक्टूबर) के मौके पर गांधी जी की कास्य रंग की प्रतिमा एवं प्रमाण-पत्र जारी कर बाकायदा टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी (क्षय) रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटी ईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया,जिसके तहत इन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा से पहले कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रति हजार आबादी पर तीस सम्भावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम साठ फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी हो, पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से पचासी प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हों, जैसे मानकों की जांच की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि ने बताया कि जिले में कुल सोलह सौ एक ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से दस को टीबी मुक्त कर लिया गया है। हमारा प्रयास होगा कि हम इसी साल बाकी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कर दें जो कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल विश्व क्षय रोग दिवस पर टी बी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में जिले की तेरह ग्राम पंचायतें चयनित हुई थीं। इन सभी का एक जिला स्तरीय तीन सदस्यीय वेलीडेशन कमेटी ने भौतिक सत्यापन किया। जिसके बाद दस ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने की सहमति कमेटी द्वारा की गई। इस कमेटी में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी मानवेंद्र यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष दीक्षित शामिल रहे। यह ग्राम सभाएं हुई टीबी मुक्त टीबी मुक्त होने वाली ग्राम पंचायतों में हरगांव की पीत पुर कसमण्डा की चौरिया, महमूदाबाद की नबीगंज, परसेंडी की उमरिया खान पुर,रामपुर मथुरा की सरैया मसूदपुर, सकरन की पचदेवरा, खैराबाद की सिपाह और परसेहरा कलां तथा पहला ब्लॉक की दिल्ली -आगरा और कंडारी शामिल हैं। यह हैं टीबी के लक्षण दो हफ्ते या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना,खांसी के साथबलगम और बलगम के साथ खून आना,वजन का घटना एवं भूख कम लगना,लगातार बुखार रहना,रात में पसीना आना,सीने में दर्द होना टीबी के लक्षण हैं। यह लक्षण होने पर मरीज को क्षय रोग केन्द्र पर टीबी की जांच करानी चाहिए। टीबी से बचने को करें मास्क का प्रयोग टीबी की बीमारी जीवाणु से होती है। यह अधिकतर फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। यह हवा के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इसलिए यदि टीबी रोगी के सम्पर्क में कोई व्यक्ति आए तो वह मास्क का प्रयोग करे। एक क्षय रोगी यदि मास्क का प्रयोग करता है तो वह दस से बारह लोगों को संक्रमण से बचा सकता है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला इकाई कटनी मध्य प्रदेश की बैठक हुई संपन्न संगठन के बिस्तर पर हुई चर्चा जिला कमेटी का हुआ गठन

संस्कार उजाला

संवाददाता कटनी एम.पी

कटनी मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश संयोजक श्री पाराशर जी ने की जिला अध्यक्ष श्याम लाल सूर्यवंशी ने कहा पत्रकारों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता है पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिला अध्यक्ष ने जिला कमेटी की घोषणा करते हुए देवेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार को

महासचिव नवल किशोर को जिला सचिव मनमोहन नायक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया वन स्वरूप चौधरी को जिला प्रवक्ता अजय उपाध्याय को संगठन मंत्री वीरेंद्र खंपारिया प्रदीप श्रीवास्तव वीरेंद्र मिश्रा शैलेंद्र तिवारी संतोष जेठवानी जगदंबा पाठक राजेश कुमार जैन को मनोनीत किया गया और जिला इकाई की सूची जिलाधिकारी जिला सूचना अधिकारी एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई जिला अध्यक्ष श्याम लाल सूर्यवंशी ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखना है कोई भी अगर कलम को दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद उसके विरोध में आवाज उठाएगा

प्रभारी पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस की बड़ी कार्यवाही...,68 वारंटी गिरफ्तार

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा द्वारा वांछित/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु 24 घण्टे का अभियान चलाया गया । प्रभारी पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी गण के नेतृत्व में जनपद के निम्नांकित थानों द्वारा टीम गठित कर दिनांक 26.09.2024 की रात्रि 11.00 बजे से 27.09.2024 की प्रातः 08.00 बजे तक अभियान चलाकर 66 वारण्टी व 02 वांछित अभियुक्तगण को माननीय

न्यायालय व मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी आदेशों-निदेशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया व 15 वारण्टों का निस्तारण किया गया। गिरफ्तार वांछित/वारण्टी का सर्किलवार/ थानावार विवरण निम्नवत है-

सर्किल कोतवाली नगर
थाना दरगाह शरीफ – 02 वारण्टी
सर्किल पयागपुर
थाना पयागपुर झ 04 वारण्टी
थाना रिसिया झ 02 वारण्टी
थाना रानीपुर झ 07 वारण्टी
सर्किल कैसरगंज
थाना जरवल रोड – 01 वारण्टी
थाना फखरपुर – 01 वारण्टी
थाना हुजूरपुर – 04 वारण्टी
सर्किल नानपारा
कोतवाली नानपारा - 18 वारण्टी
थाना मटेरा - 03 वारण्टी
थाना नवाबगंज - 02 वारण्टी
थाना रुपईडीहा – 01 वांछित, 03 वारण्टी
सर्किल मिहींपुरवा
थाना मोतीपुर - 02 वारण्टी
कोतवाली मुर्तिहा - 01 वारण्टी
सर्किल महसी
थाना हरदी – 01 वारण्टी
थाना रामगांव – 01 वांछित, 07 वारण्टी
थाना खैरीघाट – 08 वारण्टी

गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया ।

संक्षिप्त डायरी

अपंजीकृत अस्पतालों मेडिकल स्टोरों के संचालन पर कार्यवाही के क्रम में संयुक्त जांच टीम ने किया महोली क्षेत्र का निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान जांच टीम ने एक क्लीनिक को किया सीज।

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। जनपद में संचालित बिना पंजीकृत अस्पताल, मेडिकल स्टोर आदि के संचालन को रोकने व उचित कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त जांच कमेटी द्वारा आज उपजिलाधिकारी अंजली सिंह व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अनूप श्रीवास्तव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महोली का निरीक्षण किया। चिकित्सक उपस्थित पंजिका,दवा भण्डारण कक्ष आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास ही संचालित हो रहे मुकुन्द क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण जांच टीम के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि डा०आकाश कुमार की जगह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों को देखा जा रहा था,उसी व्यक्ति द्वारा पर्चे पर दवाईया भी लिखी जा रही थी। उस व्यक्ति द्वारा अपनी पहचान से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज संयुक्त टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। संयुक्त टीम द्वारा क्लीनिक में बैठे उस व्यक्ति की शैक्षिक योग्यता पूछने पर उसने खुद को दसवीं पास बताया गया। संयुक्त टीम द्वारा उक्त क्लीनिक के संचालन को तत्काल बंद करवा दिया गया एवं सोमवार तक क्लीनिक से सम्बन्धित सभी दस्तावेज भी संयुक्त टीम के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये। बताया गया कि सोमवार तक संयुक्त जांच टीम के समक्ष उचित दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विकास भवन परिसर की की गई साफ सफाई।

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा 14 सितम्बर से 02 अक्तूबर तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जिला स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन प्रमुख बिंदुओं पर आधारित रहेगा, जिस दौरान अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पहला स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा उन्हें जागरूक किया जाएगा।दूसरा सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों,संस्थानों,मार्किट शिक्षण संस्थान,सार्वजनिक परिवहन,मुख्य मार्ग,उच्च मार्ग ट्रैकिंग व कैंपिंग साईज नदियां,झीलें,तालाब,पर्यटक स्थल आदि स्थानों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। तीसरे स्वच्छता की भागीदारी के तहत सफाई व्यवस्था में लगे तथा डोर- टू -डोर कूड़ा एकत्रित कर रहे सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगल विंडो कैंप आयोजित किए जायेंगे तथा उनके कल्याण के लिए कार्य किया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत आज विकास भवन के पूरे परिसर की साफ सफाई की गई। आज के अभियान में मुख्य विकास अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी(प्राविधिक), जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी जिला कृषि अधिकारी जिला पशुपालन अधिकारी एवं विकास भवन के समस्त कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

छप्पर सहित गिरी कच्ची दीवाल दो गंभीर रूप से घायल एक मौत

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले के विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र के एक गांव में छप्पर सहित कच्ची दीवार गिरने से उसमें दबकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजन तत्काल इलाज के लिए हिन्द अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरे का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र स्थित गवहिया गांव में सुबह आठ बजे छप्पर सहित कच्ची दीवार गिर गई जिस कारण छप्पर के नीचे बैठे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को परिजन तत्काल हिंद अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दूसरे का इलाज जारी है। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सिधौली अनिल कुमार रस्तोगी ने परिवार वालों से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बताने के अनुसार जिले के विकास खण्ड कसमण्डा व कमलापुर थाना क्षेत्र के गवहिया गांव निवासी पन्द्रह वर्षीय महताब पुत्र सिरताज व पैंसठ वर्षीय रशीद पुत्र हसनू बरसात से बचने के लिए कच्ची दीवार के सहारे पड़े छप्पर के नीचे बैठे हुए थे अचानक कच्ची दीवार सहित छप्पर गिर जाने के कारण दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजन तत्काल इलाज के लिए हिंद अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान पन्द्रह वर्षीय महताब की मौत हो गई तो वहीं रशीद का इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सुफियान के द्वारा घटित घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई। ग्राम प्रधान से जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल मनमोहन कटिहार के साथ उप जिलाधिकारी सिधौली अनिल कुमार रस्तोगी ने परिवार के साथ मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए उनका दुःख साझा कर हुए शासन प्रशासन से हर सम्भव मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

संक्षिप्त डायरी

बुंदेलखंड मानस जनकल्याण समिति के द्वारा वृद्ध आश्रम में बूढ़े बुजुर्गों के साथ फलों का वितरण कर मनाया गया जन्मोत्सव कार्यक्रम

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बुंदेलखंड मानस जन कल्याण समिति के द्वारा आज दिनांक 27.09.2024 दिन शुक्रवार समय शाम 5:00 बजे तरुण श्रीवास्तव की बहन जी के जन्मदिन पर ब्रद्धा आश्रम में बूढ़े बुजुर्गों के साथ बड़े धूमधाम से परिवारजन के साथ मनाया जन्मोत्सव का कार्यक्रम जिसमे बुंदेलखंड मानस जन कल्याण समिति के अध्यक्ष नीरज निगम के द्वारा संकट मोचन मंदिर में हर मंगलवार को गरीबों के लिए वितरण का कार्य अनवरत कई वर्षों से एवं पूरी टीम के द्वारा वृद्ध आश्रम में बूढ़े बुजुर्गो को फलों का वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इसी प्रकार अनवरत कई वर्षों से गरीब बेसहारा लोगों के लिए कभी संकट मोचन मंदिर कभी वृद्धा आश्रम, अंध विद्यालय, अनाथालय के बच्चो के साथ तो कभी झुग्गी झोपड़ियों में बैठे गरीबों लोगो को वितरण कार्य जैसे पूड़ी सब्जी, पेठा पानी का वितरण, तो कभी वृद्ध महिलाओं को साड़ियां वितरण, ठंड के समय कंबल वितरण, फलों का वितरण जैसे कार्य लगातार करते आ रहे हैं इस समित का उद्देश्य गरीबों के हितार्थ कार्य करना और समाज में सामाजिक समरसता बनाए रखना आदि कार्य गरीबों के हितार्थ लगातार किया जा रहा है और साथ में समस्त टीम शैलेन्द्र सिंह बुंदेला वरिष्ठ समाजसेवी, तरुण श्रीवास्तव, नवीन कुमार बोड़े, देवेश कुमार बीजेपी कार्यकर्ता, प्रगति कुमार श्रीवास्तव समाजसेवी, आशीष कुमार समाजसेवी, रघुराज प्रताप, बुद्धराम, फूलचंद सभासद कोटरा,

जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा जनपद में शुक्रवार को डॉ० राजशेखर, सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ०प्र० शासन ने जनपद बॉदा की जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की। बैठक में डॉ० राजशेखर ने जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति हेतु कार्यरत कम्पनियों एल एण्ड टी एवं एन सी सी के परियोजना प्रबन्धकों को कडे निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गॉवों में खोदी गयी सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रत्येक दशा में नवरात्रि तक अवश्य करा लिया जाए अन्यथा सम्बन्धित कम्पनियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जल निगम के एई एवं जेई को नियमित रूप से गॉवों में निरीक्षण करने तथा किये जा रहे कार्यों की निरीक्षण रिपोर्ट सहित प्रगति की सूचना अधिशाषी अभियंता जल निगम को लिखित रूप से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गॉवों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी हैं, वहां पर नियमित रूप से पानी की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें तथा शेष गॉवों में मैन पावर को बढाते हुए तेज गति से कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने गॉवों में की जा रही जलापूर्ति की क्रास चेकिंग भी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में पुनः गॉवों में जलापूर्ति के कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा, निरीक्षण से पूर्व अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें अन्यथा कडी कार्यवाही सम्बन्धित कार्यदायी कम्पनियों के विरूद्ध की जायेगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गॉवों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है, उसमें पाइपलाइन डालने के कार्यों तथा अन्य कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेज गति से निर्धारित समय में पूर्ण करायें। उन्होंने पेयजल आपूर्ति में जिन स्थानों पर लीकेज की जानकारी/शिकायत प्राप्त होती है, उनको प्राथामिकता पर लीकेज को ठीक करायें तथा प्रत्येक दशा में पूरे गॉव में दोनो टाइम जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि विद्युत आपूर्ति के कारण जलापूर्ति में किसी प्रकार की समस्या हो रही हो तो डीजीसेट संचालित करके गॉवों में जलापूर्ति की जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नही की जाए। उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते हुए कार्यों को तेज गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनधियों द्वारा प्राप्त होने वाली समस्याओं को समय से निस्तारित कर, उन्हें रिपोर्ट प्रेषित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा के बाद मरम्मत की गयी सड़कों एवं खडंजा आदि की मरम्मत का कार्य पुनः ठीक कराते हुए पूर्ण कराया जाए। उन्होंने बैठक से पूर्व जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण के अन्तर्गत ग्राम महोखर एवं पल्हरी का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से जलापूर्ति किये जाने तथा लीकेज एवं आपूर्ति कितने दिनों होती है आदि के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जल निगम एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से पूरे गॉव में जलापूर्ति करायी जाए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कुछ घरों में जलापूर्ति नही हो पा रही है। उन्होंने खोदी गयी सड़कों की मरम्मत के कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पुनः मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि जनपद स्तरीय अधिकारियों से योजना के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों तथा जलापूर्ति एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की चेकिंग करायी गयी है, जिसमें प्राप्त कमियों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित संस्थाओं को दिये गये हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अभियंता जल निगम तथा कम्पनियों के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा सम्बन्धित अभियंतागण उपस्थित रहे।

अपर जिला जज ने जनपद कारागार का किया निरीक्षण

प्ली बारगेनिंग के संबंध में किया जागरूक, दी गई आवश्यक जानकारिया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा में शुक्रवार को जिला जज / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा डा० बब्बू सारंग के निदेर्शानुसार दिन के 11:30 बजे जनपद कारागार, बांदा का निरीक्षण एवं प्ली बारगेनिंग के सम्बंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा द्वारा की गयी। श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा द्वारा जिला कारागार, बांदा में निरुद्ध बन्दियों को प्ली बारगेनिंग के सम्बंध में विधिक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव द्वारा बताया गया कि प्ली बारगेनिंग (ढ्ढ इंप्रॅल्वल्लॅ) से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जिस पर कम गम्भीर अपराध का आरोप लगाया गया है अथवा किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा अपराध जिसकी सजा 07 वर्ष या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है तो, ऐसे में अभियुक्त अपनी गलती स्वीकार कर क्षमायाचना कर सकता है। अभियुक्त वह अपनी सजा कम कराने हेतु न्यायाधीश के समक्ष आवेदन कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी (ढ्ढ इंप्रॅल्वल्लॅ) कर सकते है। प्ली-बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। प्ली-बारगेनिंग के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र देने के उपरान्त प्रकरण न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है जिस पर वह आपसी समझौते के आधार पर आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है, यदि शिकायत कर्ता आरोपी को क्षमा करने हेतु तैयार हो जाता है तो प्ली-बारगेनिंग लागू हो जाती है। इसके तहत आरोपी को कम से कम सजा दी जाती है। आजीवन कारावास या महिला और बच्चों के प्रति कारित अपराध में एवं सामाजिक व आर्थिक स्थितियों को प्रभावित करने वाले अपराध में प्ली-बारगेनिंग लागू नही होती। इससे मुकदमेबाजी पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है। साथ ही विधिक सहायता हेतु नालसा द्वारा संचालित टॉल फ्री नं0-15100 के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर के अन्त में 07 बन्दियों के प्रार्थना पत्रों पर विधिक सहायता उपलब्ध करायी गयी। इसके उपरान्त सचिव द्वारा कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दियों के टिकट में सम्पूर्ण जानकारियां अंकित किये जाने के सम्बंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह व उपजेलर निर्भय सिंह, आलोक त्रिवेदी को निर्देशित किया गया। शिविर में इस अवसर पर आलोक सिंह-वरिष्ठ अधीक्षक जेल, उपजेलर आलोक त्रिवेदी, निर्भय सिंह, तथा राशिद अहमद अन्सारी-डी.ई.ओ. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा उपस्थित रहें।

मत्स्य विभाग के मंत्री संजय कुमार निषाद ने योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

मंत्री मत्स्य विभाग उ०प्र० डॉ० संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता एवं जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में मत्स्य विभाग से योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री डॉ० संजय कुमार निषाद ने मत्स्य पालकों का पंजीकरण कराये जाने तथा मत्स्य पालकों का बीमा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारी समितियों को और अधिक सक्रिय किये जाने तथा समितियों में रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का एक रजिस्टर बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य पालक योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत पात्र एवं गरीब मछुवा समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य पालकों के लिए रोजगार बढाने के लिए कार्यवाही किये जाने के निर्देश मत्स्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को मत्स्य पालकों के लिए कैम्प लगाकर एक सप्ताह में केसीसी बनाये जाने तथा कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को कडे निर्देश दिये कि मत्स्य विभाग से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पात्र मत्स्य पालकों को प्राथमिकता पर पारदर्शिता के साथ लाभ प्रदान किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन हेतु तालाबों के पट्टों का आवंटन सम्बन्धित ग्राम व क्षेत्र में बृहद स्तर पर प्रचार कर आवंटित करने के निर्देश मत्स्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मत्स्य पालन के लिए पोखरों में कब्जा व अतिक्रमण नही होने पाये। उन्होंने मत्स्य पालकों को नाव दिये जाने की योजना के अन्तर्गत गुणवत्तायुक्त नाव दिये जाने के निर्देश दिये। मछुवा कल्याण कोश तथा मछुवा आवास योजना के अन्तर्गत गरीब एवं पात्र मत्स्य पालकों का चयन करते हुए योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंनें मत्स्य पालकों को गम्भीर बीमारी में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में सीएमओ को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय जलाशयों में मत्स्य पालन हेतु आवंटन राजस्व संहिता में दिये गये नियमों के अनुसार आवंटन किया जाए। उन्होंने सक्रिय समितियों की बैठक कराये जाने तथा निष्क्रिय समितियों के स्थान पर नयी समितियों का गठन मत्स्य पालकों को सम्मिलित करते हुए कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। मत्स्य पालकों के पट्टों का आवंटन पारिदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने उप निदेशक मत्स्य को प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी से समन्वय करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की बैठक आयोजित कराते हुए अधिक से अधिक पात्र मत्स्य पालकों को योजनाओं से लाभान्वित करायें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य पालकों के बच्चों को शिक्षा के लिए भी सहायता दी जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी वि०/रा० राजेश कुमार, उप निदेशक मत्स्य तथा जिला मत्स्य अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीस हजार रुपये के इनामिया मनु द्विवेदी को कालिंजर पुलिस ने किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा 20 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 15.07.2024 को थाना कालिंजर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कालिंजर-सतना बार्डर से अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था जबकि दो अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये थे। अभियुक्तों के कब्जे से 55.26 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया था। फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा दोनों अभियुक्तों में मनु द्विवेदी उर्फ प्रभात द्विवेदी पुत्र सुनील द्विवेदी नि० महारथी टोला चौकी बाकरगंज थाना कोतवाली नगर बांदा व सागर पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय नि० कस्बा व थाना पैलानी जनपद बांदा, पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था जिसके क्रम में शुक्रवार 27 सितंबर 2024 को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अभियुक्त मनु द्विवेदी उपरोक्त को रामनगर तिराहा थाना कालिंजर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में मनु द्विवेदी उर्फ प्रभात द्विवेदी पुत्र सुनील द्विवेदी नि० महारथी टोला चौकी बाकरगंज थाना कोतवाली नगर बांदा।

ऑपरेशन ईगलह्व के तहत अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को थाना कालिंजर पुलिस ने किया गिरफ्तार

अभियुक्त के कब्जे से 9.3 किग्रा0 अवैध सूखा गांजा बरामद

अपाचे मोटरसाइकिल भी हुई बरामद

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से ह्लऑपरेशन ईगलह्व चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कई बड़ी कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26 सितंबर 2024 की रात्रि को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान ग्राम छतैनी से वाहन चेकिंग के दौरान अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 9.3 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध सूखे गांजे के परिवहन में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कालिंजर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को मा० न्यायालय भेजा गया। उक्त के पास से 09 किलो 310 ग्राम अवैध सूखा गांजा, 01 अपाचे मोटरसाइकिल (परिवहन में प्रयुक्त) बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के नाम बृजमोहन उर्फ पंकज पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर (म0प्र0) तथा आमित पटेल पुत्र राजू पटेल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर (म0प्र0) है। उक्त पर मु0अ0सं0 154/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कालिंजर जनपद बांदा अभियोग पंजीकृत किया गया है।

राजा बुंदेला ने उठाए बीड़ा बुंदेलखंड पृथक राज्य का दर्जा दिलाने को लेकर कई संगठनों के साथ बैठक हुई संपन्न

बुंदेलखंड पदयात्रा पॉव पॉव- गॉव गॉव जो कि ललितपुर से प्रारंभ हो रही है

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बुंदेलखंड राज्य को पृथक राज्य का दर्जा दिलाने के लिए 12 अक्टूबर 2024 से होने वाली बुंदेलखंड पदयात्रा श्पॉव पॉव- गॉव गॉव श्जो कि ललितपुर से प्रारंभ हो रही है। बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्षरत सभी संगठनों ने संयुक्त रूप से बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए माननीय राजा बुंदेला की अगुवाई में समर्थन कर आवाज बुलंद करने का बीड़ा उठाया हैं। इसी उद्देश्य से सभी संगठनों ने विवेक सिंह कछवाहा के गृह में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें सभी संगठन सम्मिलित हुए जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रमेशचंद्र दुबे एडवोकेट ने की। मुख्य वक्ता जयराम सिंह बछेउरा रहें बुंदेली सेना के जिला अध्यक्ष भानु मिश्रा ने सभी का स्वागत कर बुंदेलखंड राज्य के लिए तन,मन,धन से सहयोग की सभी से अपील की तथा संचालन दीनदयाल सोनी जी ने किया । जिसमें वानर सेना के संयोजक जयराम सिंह जी ने 12 अक्टूबर 2024 को जनपद बॉदा से अधिक से अधिक संख्या में ललितपुर चलने की जनमानस से अपील की। और पृथक बुंदेलखंड राज्य बनने के लाभ बताए। निखिल बुंदेली ने बुंदेलखंड के इतिहास पर प्रकाश डालकर बैठक उपस्थित सभी लोगों का मनमोहा। बुंदेलखंड जनशक्ति मोर्चा से सुशील द्विवेदी, ने बुंदेलखंड राज्य के लिए युवाओं को भागीदारी के लिए अधिक अधिक करने पर जोर दिया। और बुंदेलखंड में पृथक राज्य बनने से बुंदेलखंड की बेरोजगारी व पलायन में घटोत्तरी होगी। नीरज निगम बुंदेलखंड मानस जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ने तन मन धन और लगन के साथ समस्त टीम को लेकर यात्रा को भव्य बनाने लिए प्रेरणा प्रद पोस्टर बैनर आदि प्रचार प्रसार के संदर्भ में विचार रखा और कुछ जिम्मेदारी भी ली अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राम सिंह कछवाह, रामजोर सिंह चंदेल,राकेश यादव, विवेक यादव, बुंदेलखंड संघर्ष समिति से राजेश दुबे जी, बुंदेली सेना के उपाध्यक्ष संजय लश्करी,कार्तिकेय सिंह, निखिल बुंदेली,बादल प्रजापति, धनराज,अंकुर जाट,रामप्रसाद सोनी,शांति भूषण सिंह क्षत्रिय महासभा,मोहन सिंह हाड़ा जिलाध्यक्ष करणी सेना,रमेश लखेरा एड .,शिव विजय सिंह एड . अजय कुमार सिंह,सुंदर सिंह कछवाह, नवीन कुमार बोडे, देवेश कुमार, आशीष कुमार आदि ने अपने विचार रखकर अपने अपने साधनों से ललितपुर 12 अक्टूबर 2024 को सम्मिलित होने का समर्थक प्रदान किया। अंत सभी उपस्थित विभिन्न संगठनों पदाधिकारियों व बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्षरत सिपाहियों का आभार विवेक सिंह कछवाह ने प्रकट किया। स्वंतत्र लेखक, कवि दीनदयाल सोनी ने बुंदेलखंड पर कविता सुनाकर समां बांधा। जय बुन्देलखण्ड के उद्घोष व जलपान के साथ बैठक समापन हुआ।

बांदाहरिजन सेवक संघ द्वारा आयोजित 92 वा स्थापना दिवस

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

दिल्ली मे सितंबर को हरिजन सेवक संघ द्वारा आयोजित 92 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सद्भावना सम्मेलन में अपने पावन आशीष प्रदान करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया, मानव सही मायनों में तभी मानव बनता है अगर वह हर भेदभाव से ऊपर उठकर सब में परमात्मा का रूप देखकर निष्काम भाव से सबकी सेवा करे। इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंकर कुमार सान्याल व उप-प्रधान नरेश यादव ने सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता रमित जी का अंगवस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित इस धरोहर के स्थापना दिवस पर उन्हीं की प्रेरणा का संकेत, एक चरखे का लघु स्मृति चिन्ह भी सेवक संघ की ओर से सतगुरु माता जी के प्रति समर्पित किया गया। यह जानकारी सन्त निरंकारी मण्डल के मण्डल कोआर्डिनेटर डॉ० दर्शन सिंह द्वारा दी गई। इस अवसर पर जहां हरिजन सेवक संघ के छात्रों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना का गायन किया। वहीं निरंकारी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट (नीमा) के बच्चों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन, वैष्णव जन के अतिरिक्त अन्य भक्ति गीतों का मधुर गायन भी हुआ। सेवक संघ के अध्यक्ष सान्याल ने महात्मा गांधी और कस्तूरबा के मार्गदर्शन का जिक्र करते हुए जहां एक ओर संघ के उपक्रमों का उल्लेख किया। वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन की विचारधारा के अनुपालन से वसुधैव कुटुम्बकम की संभावना व्यक्त करते हुए सतगुरु माता जी का धन्यवाद किया। उन्होंने निरंकारी मिशन के सामाजिक उत्थान के अविरल प्रयासों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा करी। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता ने भी आशीर्वाद देते हुए कहा कि सतगुरु से परमात्मा की प्राप्ति के बाद मनुष्य सबके दर्द को अपना दर्द समझकर महसूस करता है और इसी भाव से अहंकार रहित सेवा को प्राप्त होता है। कार्यक्रम के अंत में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव, जोगिंदर सुखिजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए हरिजन सेवक संघ के समस्त भारत से सम्मिलित हुए सदस्यों व विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें नवंबर में आयोजित होने वाले 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए भी आमंत्रित किया।

थाना नरैनी पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार 27 सितंबर 2024 को थाना नरैनी पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा० न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार वारंटी का नाम श्याम लाल पुत्र रामप्रसाद निवासी मोतियारी थाना नरैनी जनपद बांदा है।

एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठायें तथा चक्रवर्ती ब्याज एवं दण्ड से मुक्ति पायें : जिला समाज कल्याण अधिकारी

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) बांदा अभिषेक कुमार अवस्थी ने शुक्रवार को बताया है कि उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत विगत वर्षों में अनुसूचित जाति के परिवार तथा स्वच्छकार एवं उनके आश्रितों को विभिन्न प्रकार की आयजनित रोजगारपरक योजनाओं (स्वतः रोजगार योजना, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम / अनुविनि द्वारा संचालित टेण्ट हाउस/टैक्टर-ट्राली/टाटा-407 एल०सी०वी०/ टाटा सूमो/विक्रम टैम्पों/जीप-टैक्सी / मार्शल जीप/बिल्डिंग मेटेरियल / प्रोवीजन स्टोर / सेनेटरी मार्ट स्कीम/इलेक्ट्रिक रिपेयर शॉप / महिला समृद्धि योजना/एम्बेसस्डर कार स्कीम / मारूती बैन/आटा-चक्का/लघु व्यवसाय आदि) योजनान्तर्गत में अनुदान, मार्जिनमनी ऋण, बैंक ऋण / राष्ट्रीय निगमों के ऋणों को सम्मिलित कर वित्त पोषित कराते हुए रोजगार स्थापित कराया गया है। निगम द्वारा संचालित स्वतः रोजगार योजना/अनुविनि के अन्तर्गत वितरित किये गये ऋणों की त्वरित एवं प्रभावी वसूली हेतु अनुगम द्वारा 'नवीन एकमुश्त समाधान योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जा रहा है। इस योजना में निगम द्वारा संचालित उपरोक्त योजनाओं के ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा धनराशि के अभाव में तथा आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण अवशेष धनराशि जमा नहीं की जा रही थी, ऐसे बकायेदारों को शासन द्वारा मूलघन की 36 किस्तें/60 किश्ते (अनुविनी) का वर्ष का साधारण ब्याज वसूल कर खाता बंद कराया जा सकता है, जो बकायेदार उक्त योजना में लाभ लेना चाहते हैं, वह कार्यालय/विकास खण्डों के ग्राम/सहायक विकास अधिकारी (स०क०) से सम्पर्क कर उक्त योजना का लाभ लेते हुए चक्रवर्ती ब्याज एवं दण्ड ब्याज से बचे। यह योजना शासन द्वारा केवल 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगी। अतः ऐसे बकायेदार जिन्होंने निगम की उक्त योजनाओं के अन्तर्गत विगत वर्षों में ऋण प्राप्त किया है तथा जिनके द्वारा ऋण की अदायगी समय परे नहीं की जा रही है और उनके ऋण खातों में बकाया धनराशि अवशेष है। ऐसे समस्त ऋणगृहीता कार्यालय जिला प्रबन्धक, उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, कमरा नं0 229, विकास भवन बाँदा स्थिति कार्यालय में सम्पर्क कर सुनहरी योजना का लाभ उठायें।

स्वच्छकारों की सुरक्षा में ना हो कोई चूक: श्री रविन्द्र प्रधान केन्द्रीय निगरानी समिति सदस्य (पू०) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

स्वच्छकारों को मिले सभी योजनाओं का पूर्ण लाभ: श्री रविन्द्र प्रधान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। महात्मा गाँधी सभागार कलैक्ट्रेट में श्री रविन्द्र प्रधान केन्द्रीय निगरानी समिति सदस्य (पू०) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रत्येक नगर निगम एवं निकायों में सीवर मृत्यु के मामले में एम०एस०अधिनियम 2013 लागू होने के बाद से नगर निगम गाजियाबाद, नगर पालिका परिषद मोदीनगर, नगर पालिका परिषद लोनी, नगर पालिका परिषद मुरादनगर, नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर, नगर पंचायत डासना, नगर पंचायत निवाड़ी, नगर पंचायत पतला, नगर पंचायत फरीदनगर के अभियोजन का विवरण लिया गया। माननीय श्री रविन्द्र प्रधान ने बैठक के दौरान कार्य के दौरान स्वच्छकारों की सुरक्षा, कार्य के दौरान स्वच्छकारों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को दिये जाने वाले सहायता धनराशि, बच्चों की शिक्षा एवं अन्य लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य के तहत आवास, स्वास्थ्य सुविधाऐं, सामूदायिक केन्द्र, बारात घर, वेतन की स्थिति, उनकी बस्तियों में सफाई व्यवस्था सहित अन्य की विस्तार से जानकारी ली। माननीय अध्यक्ष जी को अवगत कराया गया कि सभी स्वच्छकारों को समय से वेतन दिया जा रहा है जो कि आने वाले समय में केन्द्र सरकार के आदेशानुसार जीओ जारी होने पर बढ़ाया जायेगा। हर दूसरे–तीसरे माह में समयानुसार उनका स्वास्थ्य जांच किया जाता है। इसके साथ ही सभी स्वच्छकारों के बच्चों को पढने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके साथ ही उनके लिए शहरी क्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र बनाया गया है, मोदीनगर में भी जल्द ही एक सामूदायिक केन्द्र बनाया जायेगा। कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा का पूरा प्रबन्ध किया जाता है और उन्हें सुरक्षा कवच के साथ ही सीवर टैंक में भेजा जाता है। माननीय श्री रविन्द्र प्रधान ने कहा कि स्वच्छकारों की सुरक्षा से सम्बंधित किसी भी प्रकार की चूक के लिए सम्बंधित अधिकारी को दण्डित करने का प्रावधान है, इसलिए किसी भी प्रकार से स्वच्छकारों की सुरक्षा में शिथिलता ना बरती जाएं। बैठक में सुश्री स्वीटी, श्री सुधीर चौधरी, श्री सतपाल सिंह, श्री प्रदीप चौहान, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री अमरजीत सिंह, डीआईओएस श्री धमेन्द्र, बीएसए श्री ओपी यादव, उपायुक्त श्रम श्री अनुराग, एलडीएम श्री बुद्धराम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश, एसीएमओ डॉ.अमित विक्रम, ईओ मोदीनगर श्री एन.एम.मोहन, ईओ लोनी श्री के.के.मिश्रा सहित सभी निकाओं के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे

एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन0सी0ओ0आर0डी0) की बैठक आहूत

कलेक्ट्रेट परिसर, एडीएम सिटी कार्यालय में एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को–आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक आहूत की गई।

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि जनपद में नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान चलाये जायें। ड्रग के विरोध में मार्च/दौड़/रैली निकाली जाये। एस०एम०एस०, बैनर्स, पोस्टर्स, होडिंगों आदि द्वारा प्रचार–प्रसार किया जाये। नशा विरोधी जगरूकता अभियान के अन्तर्गत जागरूकता पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये गये तथा उसका व्यापक प्रचार–प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये। स्कूल कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें निबंध, वाद–विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाये। एल०ई०डी० डिस्पले के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु सूक्ष्म वीडियों/ऑडियों क्लिप्स के माध्यम से गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस/बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस विभाग, अर्थ सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

आर0 एस0 एम0 इंटर कॉलेज के छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ लेकर निकाली रैली।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता

रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र। नदियों को स्वछता बनाने को संकल्प को लेकर जिला गंगा समिति सोनभद्र के तत्वाधान मे राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के छात्रों ने स्वछता शपथ लेकर कॉलेज परिसर से नगर पालिका, मुख्य चिकित्सा आशिकारी कार्यलय होते हुए राम लीला मैदान तक नारे लगाते हुए वन विभाग के जिला परियोजना अधिकारी, महेन्द्र गौतम व डॉ बृजेश, प्रधानाचार्य की अगुवाही मे रैली निकाली गयी। महेन्द्र गौतम, डीपीओ, ने नमामि गंगे परियोजना के अंतरगत किये जा रहे स्वछता ही सेवा अभियान मे सभी से प्रदुषण मुक्त भारत बनाने की अपील की। इस मौके पर गंगा वालंटियर्स अभिषेक, अलोक व कॉलेज के अध्यापक गण उपस्थित रहे।

02 नफर अभियुक्तों के कब्जे से कुल 22.09 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी पिपरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से क्रमशः उषा देवी पत्नी स्व० दीपक पासवान निवासी वार्ड नं0–01 मालिन बस्ती तर्रा थाना पिपरी के कब्जे से 20 ग्राम नजायज होरोइन, राजन सिंह राजपूत पुत्र हरि सिंह राजपूत निवासी नवल परासी थाना इलाका प्रहरी कार्यालय जनपद सिमरा नेपाल, हाल पता– धोबिया टंकी रेनूकुट थाना पिपरी के कब्जे से 09 पुड़िया में (02.90 ग्राम) हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0– 129/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

संसदीय अध्ययन समिति विधान परिषद ने अधिकारियों के साथ की बैठक।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सुरेन्द्र चौधरी सभापति, एम0एल0सी0 उमेश द्विवेदी एम0एल0सी0, किरण पाल कश्यप एम0एल0सी0, आशुतोष सिन्हा एम0एल0सी0, हंसराज विश्वकर्मा एम0एल0सी0, जिलाधिकारी बी0नएन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक की गयी, इस दौरान जनप्रतिनिधिगण के पत्र पर अधिकारीगण द्वारा की गयी कार्यवाही की गहन समीक्षा की गयी, सभापति सुरेन्द्र चैधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात अब तक सांसद विधायक, विधान परिषद के सदस्य, विधान मण्डल के सदस्यगण द्वारा प्रदेश के जनपदों के भेजे गये पत्रों पर की गयी कार्यवाही से अवगत कराये जाने सम्बन्धी विषय पर समिति द्वारा विभागवार समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान सभापति महोदय व समिति के सदस्यगण ने कहा कि वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात से अब तक ग्राम्य विकास, नगर विकास, लो०नि०वि०, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, पशुपालन विभाग के कितने पत्र जनप्रतिनिधिगणों से विभागों को प्राप्त हुए तथा उन पत्रों का निस्तारण कब–कब किया गया है, के सम्बन्ध में बारी–बारी से सम्बन्धित अधिकारियों से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभापति महोदय व समिति के सदस्यगण ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संसदीय अध्ययन समिति विधान परिषद का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि जनप्रतिनिधिगण द्वारा किये गये पत्राचार पर सम्बन्धित विभागों द्वारा क्या कार्यवाही की गयी, इन बिन्दुओं पर समीक्षा की जाये, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण का आपस में समन्वय स्थापित रहें, जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्राप्त पत्रों का निराकरण एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर दिया जाये और पत्र के क्रम में की गयी कार्यवाही से जनप्रतिनिधिगण को भी अवगत कराया गया, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, सभी अधिकारी अपने मोबाइल में जनप्रतिनिधिगण का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से सेव कर लें और जनप्रतिनिधिगण द्वारा आने वाले कालों का प्रापर ढंग से रिस्पांस दें और जन सामान्य की समस्याओं का समय से निस्तारण करें, उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधिगण द्वारा विकास परक व जनहित से जुड़े जो भी प्रस्ताव अधिकारियों को प्राप्त होता है, को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये और उनके प्रस्तावों को रजिस्टर में दर्ज करने के साथ ही की गयी कार्यवाही की स्थिति से मा0 जनप्रतिनिधि को अवगत भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि जर्जर विद्युत तारों का मरम्मत किया जाये, कोई भी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित न रहने पायें, आबकारी विभाग मानक के अनुरूप कार्य करें, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, फोन पर बातचीत के समय आपसी समन्वय बना रहें, इसका भी ध्यान रखा जाये, मा0 सभापति महोदय ने कहा कि समीक्षा के दौरान जिन अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, उन अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कहा कि बैठक में सभापति महोदय व समिति के सदस्यों द्वारा जो भी दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं, उसका सभी अधिकारीगण ससमय अनुपालन करेंगें व जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्राप्त पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें और की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधिगण को भी अवगत करायेंगें, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति द्वारा दिये गये निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) रोहित यादव, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल अंतिल, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिला कारागार का जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने किये निरीक्षण।

कैदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

गुरमा/सोनभद्र।

जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया, इस दौरान जिला जज ने जिला कारागार के कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी–बारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कैदियों से सरलता व सुगमता पूर्वक वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी आदि की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में गहनता पूर्वक जायजा लिये। इस दौरान जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला कैदियों को दी जा रही रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी, उन्होंने जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी–बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मिलने–जूलने में हो रही दिक्कतों के बारे में पूछा, जिस पर कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों के शिक्षा हेतु बने शिशु गृह के स्थिति का जायजा लिया, इसी प्रकार से कैदियों को दिये जाने वाले भोजन के किचन का निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों हेतु बनाये जा रहे रोटी, सब्जी चावल व दाल के गुणवत्ता को देखा गया और निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर जगदम्बा प्रसाद दूबे, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

भाजपा मण्डल ओबरा में कैम्प लगाकर सदस्यता अभियान की शुरूआत।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

ओबरा / सोनभद्र – भाजपा ओबरा मण्डल में मेन बजार सुभाष तिराहे पर भाजपा नेता विरेन्द्र मित्तल के नेतृत्व में सदस्यता कैंप लगाकर लोगो से कराई भाजपा की सदस्यता ।भाजपा नेता ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर आज ओबरा नगर में कैंप लगाकर लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है । कैंप में दर्जनों लोगों ने मोदी व योगी पर विश्वास जताते हुए भाजपा की सदस्यता ली। तदोपरांत मोदी और योगी सरकार की जनप्रिय नीतियों के बारे बताने के साथ नगर में अन्य जगह पर भी कैंप लगाये जाने की बातें कही। मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र गर्ग, हेमलता जायसवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष जे पी सिंह,विभास घटक,मण्डल कोषाध्यक्ष सुशील कुशवाहा मौजूद रहे।

9 अक्टूबर 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले भारत बांग्लादेश क्रिकेट मैच को रोकने हेतु प्रार्थना पत्र

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

केंद्रीय गृहमंत्री भारत सरकार नाम सोफा ज्ञापन बांग्लादेश में हमारे लाखों हिन्दू भाइयो का कत्ल हुआ और हमारी बहन बेटियों की अभूतपूर्व दुर्गति की गई। आज तक भी यह हत्याएं और बलात्कार रुका नहीं है। इस भयंकर नरसंहार का दुनिया के किसी भी मुसलमान विशेषकर बांग्लादेश के मुसलमानों ने कोई विरोध नहीं किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस नरसंहार में दुनिया के प्रत्येक मुसलमान की सहमति है। आज भारत में बांग्लादेश के मुसलमानों को बुला कर उनके साथ क्रिकेट के मैच खेले जा रहे हैं जो यह सिद्ध करता है कि वर्तमान भारत सरकार को हिन्दुओं के किसी भी नरसंहार का कोई दुख नहीं है और उनके लिये हिन्दुओं की कीमत कुछ भी नहीं है। हम आरत के हिन्दू ये अच्छी तरह से समझ गए हैं कि जो लोग बांग्लादेश के हिन्दुओं के इतने बड़े नरसंहार के बाद उनके कातिलों के साथ क्रिकेट का मैच खेल सकते हैं, वो कल हमारे कत्ल के बाद भी जश्न मनाएंगे। पर हम साधारण हिन्दू यह समझते हैं कि बांग्लादेश के हिन्दू भी हमारा अपना ही परिवार हैं और जो आज उनके साथ हो रहा है, वो कल हमारे साथ भी होगा। आप यह समझ लीजिये की हम किसी भी कीमत पर दिल्ली में ऐसा कोई क्रिकेट मैच होने नहीं देंगे। अगर हम यह मैच रुकवा नहीं पाए तो अपने गुरु महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के साथ हरिद्वार माँ गंगा के तट पर सामुहिक अग्नि समाधि ले लेंगे ताकि बांग्लादेश के हिन्दुओ को यह पता चल जाये कि भारत के कुछ हिन्दू वास्तव में उनका परिवार हैं।

13 वर्षीय बालक वर्ग में नमन कुमार का हुआ मुंबई कराटे चैंपियनशिप में सिलेक्शन

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

महिंद्रा एंक्लेव, बाग वाली कॉलोनी, शास्त्री नगर स्थित सिल्वर शाइन स्कूल गाजियाबाद के कक्षा आठवीं अनुभाग ए के विद्यार्थी नमन कुमार का मुंबई कराटे चैंपियनशिप में सिलेक्शन हुआ है ।स्कूल के मुख्य कोच कृष्ण रावत ने बताया यह प्रतियोगिता आगामी 29 30 सितंबर 2024 को मुंबई में ठाणे में होने जा रही है ' इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे 'नमन कुमार ने इस प्रतियोगिता के लिए घंटे अभ्यास किया है आपको बता दें' 13 वर्षीय नमन कुमार का सपना है कि वह इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते एवं अपने जिले, स्कूल व माता–पिता और अपने गुरु का मान सम्मान बढ़ाएं 'सिल्वर शाइन स्कूल के मैनेजर प्रियदर्शन वशिष्ठ जी ने नमन कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं '

जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले चार गिरफ्तार

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

मोदीनगर जनपद में धर्मांतरण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों गाजियाबाद के नंदग्राम में एक पादरी द्वारा एक परिवार का धर्म परिवर्तन करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि मोदीनगर में इसी तरह का धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है ।मोदीनगर थाना क्षेत्र के विजयनगर में रहने वाली संगीता पत्नी अजीत सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि उसके परिवार के लोग जिसमें जेठ आशु,सास अशरफी ससुर किशनपाल जो वर्तमान में गौतम बुद्ध नगर के सलारपुर गांव में रहते हैं। संगीता ने बताया कि उक्त लोग उसके पति अजीत को ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे थे। धर्म परिवर्तन न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत मामला दर्ज किया। एसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना में शामिल आशु पुत्र स्वर्गीय टीटू उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आशु ने पूछताछ में बताया कि पिता की मृत्यु के पश्चात वह लोग सलारपुर में जाकर रहने लगे और वहां उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। उसने बताया कि चाचा अजीत सिंह और चाची संगीता उसके पैतृक मकान विजयनगर गोविंदपुरी में रहते हैं जहां उनकी दादी और दादा का आना–जाना है । उन्होंने चाची चाचा को ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाया लेकिन वह नहीं माने। इसमें उनके साथी पौलुस ,पास्टर रासी बलियार सिंह व छद्दू कुमार साह सहयोग करते है। पुलिस ने जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले आशु व उसके साथी पोलूस मसीह ,पास्टर रासी बलियार सिंह और छद्दू कुमार शाह को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है कि उनका नेटवर्क कहां तक फैला है।

माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता में समिति की बैठक आहूत

शहर को प्रदूषण मुक्त एवं स्वच्छ बनाने को प्राथमिकता में रखे: माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग

➔जल और भूगर्भ जल को दूषित करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही: माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग

➔इंदिरापुरम और नोएडा के बीच मेट्रो चलाने का प्रस्ताव बनायें जीडीए: माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग

➔जनता हेतु बनाये भवनों की देख–रेख की जिम्मेदारी हो निर्धारित, हिण्डन को बनाये स्वच्छ: माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा

➔झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वालों की करें जांच, लाभार्थियों को मिले प्रधान मंत्री आवास: महापौर श्रीमती सुनीता दयाल

➔ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तारों को करायें दूरस्थ: विधायक मुरादनगर श्री अजीत पाल त्यागी

➔ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकियों को है मरम्मत की आवश्यकता: विधायक मोदीनगर डॉ.मंजू सिवाच

➔वायु प्रदूषण हेतु चलाया जाएं सघन अभियान, लोनी की सड़क को एनएचएआई से कराया जाएं सही: विधायक लोनी श्री नन्द किशोर गुर्जर

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार में माननीय सांसद गाजियाबाद एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) श्री अतुल गर्ग महोदय की अध्यक्षता एवं श्री राजकुमार सांगवान सांसद लोकसभा क्षेत्र बागपत, श्री सुनील कुमार शर्मा विधायक साहिबाबाद एवं कैबिनेट मंत्री, श्रीमती सुनीता दयाल महापौर नगर निगम गाजियाबाद, डॉक्टर ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्षा गाजियाबाद, श्री अजीत पाल त्यागी विधायक मुरादनगर, श्री नंदकिशोर गुर्जर विधायक लोनी, डॉक्टर मंजू सिवाच विधायक मोदीनगर, महानगर अध्यक्ष भाजपा श्री संजीव शर्मा, ब्लाक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सूचेता सिंह, श्री सौरभ जायसवाल (प्रतिनिधि राज्य मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप), जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स, सीडीओ श्री अभिनव गोपाल, डीएफओ सुश्री ईशा तिवारी, श्री बलिराम संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ, अपर नगर आयुक्त श्री अरुण कुमार यादव, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एडीसीपी क्राइम एवं डीडीओ श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत हुई। जिला प्रशासन द्वारा माननीय अध्यक्ष व सभी अतिथिगणों को पौधा भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। विस्तार से हुई निम्न बिन्दुओं व विभागों के कार्यों पर चर्चा बैठक के दौरान जीडीए, नगर निगम, आवास विकास, विद्युत, वानिकी, कृषि, श्रम, प्रदूषण, राजस्व, गंगा समिति, हिण्डन नदी आदि पर विशेष रूप से वार्ता की गई। माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जीडीए द्वारा आवंटित फ्लैटों में अनेक प्रकार की शिकायतें आ रही हैं, जीडीए उपाध्यक्ष इसकी जांच करायें और पात्र लाभार्थी को मिलने वाले सुविधाएं उन्हें दिलायें। सांसद अतुल गर्ग ने जीडीए वीसी को इंदिरापुरम और नोएडा के बीच मेट्रो चलाने का प्रस्ताव बनाने का निर्देशित किया। वायु–जल प्रदूषण पर लगे रोक माननीय अध्यक्ष महोदय ने वायु जल प्रदूषण एवं गंदगी के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए इसके निस्तारण हेतु विस्तार से जानकारी ली। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बंध में अनेक फैक्ट्रियों के लगभग 2.5 करोड़ के चालान किए गये हैं और कुछ फैक्ट्रियां सीज कर दी गयी है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा कलर और कैमिकल वाला गंदा जल डायरेक्ट भूगर्भ में डाला जा रहा है, जिस पर अ ध्यक्ष महोदय ने कहा कि जल एवं भूगर्भ जल को दूषित करने वालों के खिलाफ टीम बनाकर अभियान चलाया जाएं और सख्त से सख्त कार्यवाही की जायें। माननीय महापौर ने बताया कि कूड़ा निस्तारण हेतु जल्द ही वेस्ट एनर्जी प्लांट लगाया जा रहे हैं, जिससे की अधिकांश कूड़े का निस्तारण हो जायेगा। लोनी विधायक ने अवगत कराया कि लोनी क्षेत्र में कुछ जगहों पर रात्रि के समय तार जलाई जाती हैं जिसे रोकना आवश्यक है। बैठक में आदेश दिये गये कि उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायें। खाली भवनों एवं हिण्डन सफाई का उठा मुद्दा माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पूर्वांचल भवन, उत्तरांचल भवन सहित जनपद में बने अनेक ऐसे भवन हैं जो सरकार द्वारा बनवाये गये हैं किन्तु अभी तक उनकी देख–रेख और संचालन का किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं हुआ है। इस मामले में त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं, नहीं तो ये भवन ऐसे ही जर्जर हो जाएगें। माननीय मंत्री जी ने कहा कि हिण्डन नदी को साफ–स्वच्छ बनाने और सौन्दर्यकरण करने की आवश्कता है, जिस पर बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय की सहमति से निर्णय लिया गया कि महापौर महोदया हिण्डन नदी की स्वच्छता एवं सुन्दरता हेतु डीपीआर बनाये। सौर ऊर्जा लगाने वालों का करें पूर्ण सहयोग माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा विद्युत विभाग सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए कार्य करें। यह विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है कि सौर ऊर्जा से सम्बंधित किसी भी उपभोक्ता को कोई समस्या ना हो। यह सोचते हुए कार्य किया जाये कि यह योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शहर में बनी झुग्गियों के नागरिकों की होगी जांच महापौर नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पिछले कुछ समय से लोगों द्वारा सड़कों के किनारे झुग्गियां, बस्तियां बनाई जा रही है जो कि यहां के निवासी नहीं लगते हैं, वहीं विजय नगर में भी डिफेंस की जमीन पर सैकड़ों झुग्गियां बन चुकी है। आने वाले समय में कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए उक्त लोगों की जांच होनी आवश्यक हैं। साथ ही अवैध झुग्गियों को हटाने का कार्य भी करना चाहिए, जिससे कि शहर का सौंदर्यकरण प्रभावित ना हो सके। इनमें पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करायें जाने चाहिए। एनएचआईए की सड़क का मामला लोनी विधायक ने कहा कि एनएचएआई द्वारा बनाई गई सड़क नाले से बहुत नीचे है जिससे कि नाला ऑवरफ्लो होने पर सड़क पर गंदा पानी जमा हो जाता है और सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा उक्त क्षतिग्रस्त सड़क को सही कराने का कार्य पीडब्लूडी को सौंपा गया है, जबकि उस सड़क को कम से कम एक मीटर उठाते हुए कार्य होने की आवश्यकता है। माननीय अध्यक्ष जी ने बैठक के माध्यम से पीडब्लूडी को निर्देशित किया कि उक्त सड़क का कार्य एनएचएआई को वापिस सौंपा दिया जाये क्योंकि यह क्षतिग्रस्त सड़क को सही करने का मामला नहीं है अपितु सड़क गलत बनाई गयी है उसे भराव करते हुए बनाने की आवश्यकता है। जर्जर तार और पानी की टंकियों की मरम्मत लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर के जनप्रतिधियों द्वारा गांवों में जर्जर तारों और पानी की टंकियों को दूरस्थ कराने की बात कहीं गयी। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा बताया कि जर्जर तारों को सही कराने का कार्य निरंतर चल रहा है और यदि कहीं ज्यादा ही जर्जर तार है तो मान्यवर उन्हें लिखित में दे देंगे तो वहां त्वरित कार्यवाही से कार्य करवा दिया जायेगा, बाकि कार्य निरंतर चल रहा है। जल निगम द्वारा बताया गया कि पानी की टंकियों की मरम्मत व देख–रेख का कार्य नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद का होता है वह कार्य उन्हें स्वयं करना है। बाकि जल से सम्बंधित कनैक्टीविटी का कार्य निरन्तर चल रहा है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्र के 12 में से 09 गांवों में कार्य प्रगति पर है, जो कि जल्द पूरा करवा दिया जायेगा। माननीय विधायक लोनी ने अनुरोध किया कि उनके क्षेत्र के गांवों को भी आदर्श ग्राम में जोड़ा जाए। जिस पर अध्यक्ष जी ने कहा कि आगामी योजनाओं में लोनी के भी गांवों को आदर्श ग्राम योजना में सम्मलित किया जाये। प्रतिनिधियों ने ली साइबर क्राइम की जानकारी प्रतिनिधियों द्वारा साइबर क्राइम में पीड़ित की रिर्पोट दर्ज ना होना और न्याय ना मिलना पर सवाल किये गये। एसीपी क्राइम ने बताया कि साइबर क्राइम को लेकर अलग से थाना बनाया गया है, वैसे तो आप इसकी रिर्पोट अपने स्थानीय थाना में कर सकते हैं लेकिन साइबर थाना में करेंगे तो बेहतर होगा। उन्होने कहा कि यदि किसी चौकी से सम्बंधि चौकी प्रभारी आपका फोन नहीं उठाता है तो उस उसके सीनियर ऑफिसरों को कॉल कर सकते हैं, हो सकता है कि वह कुछ अन्य मीटिंग या कार्य में बिजी हो। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर हुई वार्ता प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए आवास–शहरी), दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0), स्वच्छ भारत मिशन –शहरी (एस0बी0एम0 –यू0), विरासत शहर विकास और सवर्धन योजना (ह्रदय), नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राममि (एनसीएपी), दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना(डी0डी0यू0–जी0जे0वाई0), समेकित विद्युत विकास योजना (आई0पी0डी0एस0), अटल मिशन फार रिजूवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफोर्मेशन 2.0 (अमृत 2.0), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी0एम0जी0एस0वाई0), सर्व शिक्षा अभियान (एस0एस0ए0), मध्यान्ह भोजन योजना (मिड–डे–मील योजना), जल जीवन मिशन (जीजीएम), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन0एस0ए0पी0), वृद्वावस्था पेंशन योजना/राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, दिव्यांगजन पेंशन योजना, विशिष्ट विकलांगता आईडी (डीडीआईडी), प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पी0एम0ए0जी0वाई0), निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बाल संरक्षण सेवायें एवं पोक्सो (पीओसीएसओ), श्रम विभाग की योजनायें, ई–श्रम पोर्टल, प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, एमसीएम छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग में संचालित योजनायें, एकीकृत बाल विकास योजना (आई0सी0डी0एस0), प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना (डी0डी0यू0–जी0के0वाई0), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी0एम0ई0जी0पी0), प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पी0एम0यू0वाई0)– बीपीएल परिवारो के लिए एलपीजी कनेक्शन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन0एच0एम0), आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं संचारी रोग/वैक्टर जनित रोगों की स्थिति, कृषि अवसंरचना निधि योजनायें (एआईएफ), ई–राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई–एन0ए0एम0), जिला पर्यावरण समिति/जिला गंगा समिति, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण 1.0 (एस0बी0एम0–जी), स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण 2.0 (एस0बी0एम0–जी), राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए), गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (एसवीएमआईटीवीए), डिजिटल भारत भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एन0एल0आर0एम0पी0), दूरसंचार, राजमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम, डिजिटल इण्डिया–पब्लिक इन्टरनेट एक्सेस प्रोग्राम–प्रत्येक ग्राम, पंचायत में सामान्य जनसेवा केन्द्र उपलब्ध कराना (पी0आई0ए0पी0), प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए), प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन0आर0एल0एम0), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पी0एम0ए0वाई0–जी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (एम0जी0एन0आर0ई0जी0ए0), सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी), राष्ट्रीय गोकुल मिषन कार्यक्रम (राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान योजना (एन0ए0आई0पी0–4), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनआईएम), खेलो इंडिया, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पी0एम0एफ0बी0वाई0, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर0के0वी0वाई0), मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (एस0एच0सी0), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– प्रति बूंद अधिक फसल (पी0एम0के0एस0वाई0), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पी0एम0किसान), प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेन्सी योजना (एटीएमए) सहित अन्य योजनाओं और कार्यों के बारे में चर्चा हुई। जनपद में यह योजनाऐं लागू नहीं इसके साथ ही स्मार्ट सिटी मिशन, सुगम्य भारत अभियान, परम्परागत कृषि विकास योजना पी0के0वी0वाई0, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय योजना (एसी एण्ड एबीसी), किसान कॉल सेंटर (केसीसी), डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीडीडी), जलमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम: जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी), समर्थ योजना, कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम (सीएडीडब्लूएम), त्यरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), सतही लघु सिंचाई (एसएमआई), जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरुद्धार (आरआरआर ऑफ डब्लूबीएस) एवं पी0एम0के0एस0वाई0 (एचकेकेपी) बैठक के हिस्सा रही ये योजनाएं जनपद में लागू नहीं हैं। बैठक में महानुभावों की उपस्थिति बैठक में एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट, डीआईओ श्री योगेद्र प्रताप सिंह, जिला नगरीय विकास अभिकरण (पी0ओ0–डूडा))/अधीक्षण अभियन्ता, आवास विकास परिषद परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (पी0ओ–डूडा), क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नगर निगम, अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता (नोडल अधिकारी अमृत) अतिरिक्त निर्माण इकाई–प्रथम जल निगम/मुख्य अभियन्ता, जल निगम/अधिशासी अभियन्ता, यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई, अधिशासी अभियन्ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त क्राइम, उपायुक्त श्रम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र/जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निवन्धक सहकारी समिति, उप निदेशक मंडी/मंडी सचिव, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतिनिधि भारत संचार निगम लि0, गौरव चौधरी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, सी0एस0सी0 2.0, जिला खनिज अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार, निदेषक, रूडसेटी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उप क्रीडा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

संक्षिप्त डायरी

बीजेपी विधायक अजीत पाल त्यागी के खिलाफ नारेबाजी की सड़क निर्माण को लेकर बीजेपी से नाराज ग्रामीण नहीं दे रहे हैं

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

लाल कुआं लक्ष्मी नगर कॉलोनी शाहपुर बम्हेटा गांव के निवासी खराब सड़क की फरियाद लेकर आज डीएम गाजियाबाद कार्यालय पर पहुंचे। जहा उन्होंने डीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासीयो ने बीजेपी विधायक अजीत पाल त्यागी के खिलाफ नारेबाजी की। कॉलोनी वासियों ने बताया सड़क निर्माण का कार्य विधायक निधि से किया जा रहा है जिसकी चौड़ाई 30 फीट एवं लंबाई 120 मीटर है इस विधायक निधि से कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है जो लगभग आधी सड़क के बराबर है जिस कारण कॉलोनी वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी निवासियों ने कहा कि अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगामी उपचुनाव में सरकार को हार का मुंह देखना पड सकता है।

गाजियाबाद आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश जिलाधिकारी

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

निर्देश पर गर्मी एवं वर्षा के मौसम में होने वाले संचारी एवं खाद्य जनित बीमारियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु सड़े–गले फल एवं जूस इत्यादि खाद्य पदार्थों के आपूर्ति के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद गाजियाबाद के द्वारा एक विशेष अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अत: उक्त के क्रम में दिनांक–25.09.2024 से दिनांक–26.09.2024 तक अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले विक्रयार्थ जूस की दुकानों पर विक्रय किये जा रहे फल/रस के विक्रय का सघन निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निम्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गयी, जिसका विवरण निम्नव है–

1.दिल्ली जूस कार्नर, शिवपुरी गली नं0–02, निवाडी रोड मोदीनगर, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।,

सुरेश कुमार यादव जूस कार्नर, राज चौपला, मोदीनगर, गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

3.नितिन जूस शॉप, शॉप नं0–09, गौंधी मार्केट, मोदीनगर, गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

4.आर.के. यादव जूस कार्नर, नियर पुलिस चौकी, निवाडी रोड मोदीनगर, गाजियाबाद का निरीक्षण कर मौके पर मिली कमियों के आधार पर सुधार नोटिस जारी किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

5.आशिफ फ्रेश जूस कार्नर, डी.एल.एफ. अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ अनार का जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

6.जूसलैंड जूस एण्ड शेक, डी.एल.एफ. अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी का जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

7.दिल्ली जूस, डी.एल.एफ. अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद का निरीक्षण कर बिना खाद्य पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने के कारण मा0 न्याय निर्णाय अधिकारी गाजियाबाद न्यायालय में वाद दायर की कार्यवाही की जा रही है।

8.दिल्ली जूस कार्नर, लाजपत नगर, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ अनार जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

9.फ्रूट शेक सेन्टर, नियर कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मिक्स जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

10.जूस एण्ड शेक सेन्टर, नियर कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन, गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

11.हेल्थ जूस कार्नर, नियर कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन, गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

12.दिल्ली जूस कार्नर, शॉप नं0–सी–15, सी–ब्लाक कविनगर, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस एवं अननास जूस, कुल–दो नमूनें संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

13.शिवम जूस कार्नर, जी–07, नेहरू नगर–प्प्प्ए गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मिक्स फ्रूट जूस एवं मौसमी का जूस, कुल–दो नमूनें संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

14.गौरव जूस, शॉप नं0–282, नासिरपुर राकेश मार्ग, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ आम का गूदा का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

15.भारत जूस कार्नर, शॉप नं0–प्प्.I.135, राकेश मार्ग, गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

16.करिश्मा जूस कार्नर, 80 फुटा रोड विक्रम एंक्लेव शालीमार गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

17.प्रभास जूस कार्नर, सी–112, डी.एल.एफ. दिलशाद एक्सटेंशन–2, भोपुरा, गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

18.कबीर जूस एण्ड शेक, बी–68/ए, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–1 गाजियाबाद गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

19.सोनम जूस कार्नर, काला पत्थर रोड, इन्दिरापुरम गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

20.लक्ष्मी जूस कार्नर, न्याय खण्ड–3, इन्दिरापुरम गाजियाबाद से खाद्य पदार्थ मौसमी जूस का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

21.कूल हट जूस, शिप्रा सनसिटी, इन्दिरापुरम गाजियाबाद को मौके पर साफ–सफाई के कडे निर्देश दिये गये तथा मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को मुख्य स्थान पर चस्पा कराया गया।

22.